दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 56 | ग्वालियर रविवार 27 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

मुंबई हमले के बाद कितनी बदली देश की आंतरिक सुरक्षा

नई दिल्ली। 26 नवंबर 2008 का वो दिन कौन भूल सकता है, जब पाकिस्तान से आए 10 आतंकियों ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में खून की होली खेली थी. तब से लेकर अब तक इस हमले के जख्म तो पूरी तरह नहीं भरे हैं, लेकिन देश की आंतरिक सुरक्षा में कई अहम बदलाव जरूर हुए हैं. इस हमले से सबक लेते हुए हमारी सरकारों ने सुरक्षा के अब इतने पुख्ता इंतजाम कर दिए हैं कि 26/11 जैसा हमला दोहराना किसी भी आतंकी संगठन के लिए नामुमकिन है. 26/11 हमले के बाद देश की आंतरिक सुरक्षा पर कई सवाल खड़े हुए थे. इसे सुरक्षा एजेंसियों की नाकामी भी माना गया था. इसके बाद चाहे वो समुद्री सुरक्षा हो या एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय या फिर सुरक्षा बलों को आधुनिक हथियारों से लैस करने की बात हो. आज भारत ने इन सब चीजों पर बेहतर काम किया है. आइए जानते हैं, देश की आंतरिक सुरक्षा में कितना बदलाव आया है.

तटीय सुरक्षा हुई चाक-चौबंद-मुंबई हमले के दौरान आतंकी नाव में बैठकर पाकिस्तान के कराची से समुद्र के रास्ते मुंबई पहुंचे थे. जितनी आसानी से आतंकी देश की सीमा में दाखिल हुए थे, वो भारत के सुरक्षा तंत्र के लिए बड़ा झटका था. ऐसे में मुंबई हमले के बाद तटीय सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं. भारतीय नौसेना, कोस्टगार्ड और मरीन पुलिस तीनों से पूरे देश के तटीय इलाकों में एक ऐसी त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तैयार की गई है, जिससे कोई भी संदिग्ध गतिविधि बच नहीं सकती है. यह त्रिस्तरीय सुरक्षा एकीकृत इकाई के तौर पर काम कर सके उसके लिए भारत सरकार ने साल 2014 में इन्फोर्मेशन मैनेजमेंट एंड एनालिसेस सेंटर का गठन किया. इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि 26/11 के हमले जैसी घटना दोबारा न हो सके. यह समुद्रतटीय सुरक्षा की जानकारी को जमा करने और अलग-अगल जगहों तक पहुंचाने के लिए नोडल सेंटर की तरह काम करता है. इसके अलावा भारतीय कोस्ट गार्ड के डीजी को कोस्टल कमांड के कमांडर का दर्जा दिया गया है, जो केंद्रीय और राज्य की एजेंसियों के बीच समन्वय का काम करते हैं. वहीं भारतीय नौसेना की ताकत में भी 2008 के मुकाबले काफी इजाफा हुआ है. भारतीय सेना की रडार प्रणाली को काफी मजबूत किया गया है, जिससे नौसेना समुद्र में पैनी नजर रख पा रही है.

गुजरात के रण में सैकड़ों करोड़पति उम्मीदवार

गुजरात में किसकी होगी अगली सरकार? इस सवाल के जवाब में अब ज्यादा दिन का वक्त नहीं रह गया है. दिसंबर 8 को इस बात का फैसला हो जाएगा कि गुजरात का अगला बॉस कौन होगा. हालांकि इससे पहले मतदान को लेकर भी राजनीतिक दलों की ओर से ताबड़तोड़ प्रचार किया जा रहा है. भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस से लेकर आम आदमी पार्टी तक सभी दल अपनी-अपनी जीत के लिए जमीनी स्तर पर जुटे हुए हैं. यही नहीं चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. इस बार गुजरात चुनाव के दो चरणों में मतदान हो रहा है. पहले चरण का मतदान 1 दिसंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण का 5 दिसंबर को. चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने वाले उम्मीदवारों में बड़ी संख्या में करोड़पति कैंडिडेट्स भी शामिल हैं. इस बार चुनाव में एक दो नहीं बल्कि 200 से ज्यादा करोड़पति प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं. आइए जानते हैं कि, इस बार चुनाव में कितने करोड़पति प्रत्याशी हैं और पहले चरण की क्या स्थिति है.

5 करोड़ से ज्यादा संपत्ति वाले 73 उम्मीदवार- गुजरात विधानसभा चुनाव में इस बार करोड़पित उम्मीदवारों की संख्या में खासा इजाफा हुआ है. इस बार कुल करोड़पति उम्मीदवारों में 5 करोड़ से ज्यादा संपत्ति वाले कुल 73 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. वहीं दो करोड़ से ज्यादा वेल्थ वाले 77 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं. जो पिछले चुनाव की तुलना में 10 फीसदी ज्यादा हैं. इसी तरह 50 लाख से 2 करोड़ के बीच भी प्रत्याशियों की संख्या 125 है, इसमें बीते चुनाव की तुलना में 16 फीसदी का इजाफा हुआ है. वहीं 10 लाख से कम संपत्ति वाले कैंडिडेट्स की तादाद 343 है. इनमें भी बीते चुनाव के मुकाबले 43 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. यानी इस बार चुनाव में अमीर उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं. गुजरात चुनाव के पहले चरण की बात करें तो इस चरण में भी बड़ी संख्या में करोड़पति उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं. धनबल के मामले में पहले चरण की 89 सीटों पर बीजेपी ने सबसे ज्यादा 79 करोड़पतियों को टिकट दिया है. जबकि दूसरे नंबर कांग्रेस हैं, 65 करोड़पति उम्मीदवार पंजे पर चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं आम आदमी पार्टी के 88 प्रत्याशियों में से 33 करोड़पति कैंडिडेट हैं.

पहले चरण में उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति- गुजरात चुनाव के पहले चरण में उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति की बात करें तो ये 2.88 करोड़ रुपए है. पिछले चुनाव की तुलना में इस आकंड़े में बढ़ोतरी हुई है. 2017 के विधानसभा चुनाव में 923 कैंडिडेट्स की औसतन संपत्ति 2.16 करोड़ रुपए थी. गुजराज चुनाव के पहले चरण के मतदान में सबसे अमीर उम्मीदवार की बात करें तो वो हैं, राजकोट से रमेशभाई व्रजभाई तिलाला, इनकी घोषित चल संपत्ति 19 करोड़ 35 लाख 43 हजार 705 रुपए है, जबकि अचल संपत्ति 156 करोड़, 43 लाख, 56 हजार है. रमेशभाई की कुल संपत्ति 175 करोड़ रुपए से ज्यादा है. वहीं दूसरे नंबर हैं राजकोट की इंद्राणी राजगुरु, इनकी कुल संपत्ति 162 करोड़ रुपए से ज्यादा है. जबकि चल संपत्ति 66 करोड़, 85 लाख 23 हजार 210 है, वहीं अचल संपत्ति 96 करोड़, 7 लाख 65 हजार 514 रुपए है. इसी तरह तीसरे नंबर हैं जामनगर के जवाहरभाई इनकी कुल संपत्ति 130 करोड़ रुपए से ज्यादा है.

क्या इस बार सर्दी तोड़ देगी सारे रिकॉर्ड

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे भारतवर्ष में मौसम के अलग-अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं. दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में जहां गुलाबी ठंड पड़ रही ही है, वहीं दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है. इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का सिलसिला जारी है, जिसकी वजह से मैदानी इलाकों में न केवल सर्दी बढ़ी है बल्कि शीत लहर भी चल रही हैं. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में पूरा उत्तर भारत सर्द हवाओं की जद में रह सकता है.

तापमान में लगातार गिरावट-राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की अगर बात करें तो यहां तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है. आज यानी मंगलवार सुबह दिल्ली में तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग ने इसे इस सीजन की सबसे ठंडी सुबह बताया है. मौसम विभाग ने इसके साथ ही पहाड़ी राज्यों में बारिश के साथ बर्फबारी का अनुमान

लगाया है. आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश व जम्मू और कश्मीर में ऐसे कई इलाके हैं, जहां तापमान शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया जा रहा है. अब बात करते हैं दक्षिण के राज्यों की...भारतीय मौसम विभाग ने रायलसीमा, तमिलनाडु और आंध्रा समेत कई राज्यों में भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है. जबकि आज यानी 22 नवंबर को तेज बारिश का संभावना जताई है.

तेजी के साथ गिर रह है पारा-मौसम विभाग की ओर से बताया कि आने वाले एक-दो दिनों में वेस्ट भारत और नॉर्थ-वेस्ट भारत, ईस्ट भारत व मध्य भारत के कुछ भागों में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तापमान गिर सकता है. राजधानी दिल्ली के तापमान में सोमवार को भी गिरावट देखने को मिली. यहां मिनिमम टेंपरेचर 9 डिग्री, जबकि मैग्जीमम टेंपरेचर 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. तापमान में तेजी के साथ गिरावट देखने को मिलेगी, जिसकी मुख्य वजह पश्चिमी हिमालय से चलने वाली बर्फीली हवाओं का देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य भागों की ओर शुरू बताया जा रहा है.

नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान- 15 साल बाद सड़क पर नहीं दौड़ेंगे सरकारी वाहन

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने आज यानी शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि सड़कों पर दौड़ रहे 15 साल पुराने सरकारी वाहनों को स्क्रैप में तब्दील कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही ऐसी नियम लाने जा रही है, जिसके अंतर्गत अब सड़कों पर 15 साल पुराने वाहनों को नहीं दौड़ने दिया जाएगा. अगर कोई ऐसा वाहन मिलता तो उसको तुरंत स्क्रैप में बदल दिया जाएगा. महाराष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि 15 साल बाद भारत सरकार या भारत सरकार के उपक्रमों की गाडियां हटानी होंगी, सड़कों पर नहीं दौड़ेंगी भारत सरकार ने यह नीति सभी राज्यों को भेज दी है. राज्य सरकारों को भी अपने दायरे में आने वाले विभागों में 15 साल पुरानी बसों, ट्रकों, कारों को बंद कर देना चाहिए. आपको बता दें कि इससे पहले यह नियम सरकार देश में पहले ही लागू कर चुकी है, जिसके अंतर्गत राजधानी दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पुराने पेट्रोल वाले वाहनों का संचालन प्रतिबंधित किया गया है. अगर ऐसे वाहनों का संचालन गैर-कानूनी करार दिया गया है और उनकों तुरंत स्क्रैप में बदल देने का प्रावधान किया है.

न्यूज ट्रैक

विश्व समुदाय के आर्थिक विकास के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र अहम : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि व्यापक वैश्विक समुदाय के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है. उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को पार करने वाली सदियों पुरानी समुद्री लेन ने व्यापार को बढ़ाने में मदद की है. राजनाथ सिंह ने यह सब बातें नई दिल्ली में इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग-2022 में अपने भाषण के दौरान कही. रक्षा मंत्री ने कहा कि वैश्विक समुदाय कई प्लेटफार्मों और एजेंसियों के जरिए आर्थिक विकास की दिशा में काम कर रहा है, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उनमें सबसे प्रमुख है. अब आवश्यकता इस बात की है कि सामूहिक सुरक्षा के प्रतिमान को साझा हितों और सभी के लिए साझा सुरक्षा के स्तर तक बढ़ाया जाए. मंत्री ने कहा, यह मेरा दृढ़ विश्वास है कि यदि सुरक्षा वास्तव में सभी की जरूरत बन जाती है, तो हम एक वैश्विक व्यवस्था बनाने के बारे में सोच सकते हैं, जो हम सभी के लिए फायदेमंद है. हम बहु-मार्गरेखा के विचार का भी समर्थन करते रहे हैं. हम एक बहु-मार्गरेखा नीति में विश्वास करते हैं, जिसे कई हितधारकों के साथ विविध जुड़ाव के माध्यम से महसूस किया जाता है, ताकि सभी के समृद्ध भविष्य के लिए सभी के विचारों और चिंताओं पर चर्चा की जा सके और उनका समाधान किया जा सके. सिंह ने कहा कि मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण दूसरों की कीमत पर नहीं होगा, बल्कि भारत यहां अन्य देशों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने में मदद करने के लिए है. उन्होंने कहा, हमें सभी के लिए जीत की स्थिति बनाने का प्रयास करना चाहिए. हमें संकीर्ण स्वार्थ से निर्देशित नहीं होना चाहिए, जो लंबे समय के लिए फायदेमंद नहीं है. उन्होंने कहा, एक गहरा जुड़ाव है जो हमें पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में मानवता के एक आम संदेश को साझा करने की अनुमति देता है. साझा समृद्धि और सुरक्षा के इस मार्ग के साथ, भारत-प्रशांत क्षेत्र के संबंध में हमारे प्रयासों में आसियान की केंद्रीयता को रेखांकित करता है.

बाबा रामदेव ने औरतों के पहनावे पर दिया बेहद शर्मनाक बयान

ठाणे (महाराष्ट्र)। किसी न किसी मुद्दे को लेकर चर्चा में रहने वाले योग गुरु बाबा रामदेव ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है. शुक्रवार को बाबा रामदेव ने महिलाओं के पहनावे पर टिप्पणी की, जिससे राजनीतिक और सामाजिक हलकों में आक्रोश है. निश्शुल्क योग प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामदेव ने कहा, महिलाएं साड़ियों में अच्छी लगती हैं, वह सलवार सूट में अच्छी लगती हैं, और मेरे विचार में वह बिना कुछ पहने भी अच्छी दिखती हैं. बाबा रामदेव जिस समय यह बयान दे रहे थे उस समय मंच पर उनके साथ बालासाहेबंची शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और भारतीय जनता पार्टी के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और अन्य प्रमुख हस्तियां मौजूद थीं. 56 साल की उम्र के बाबा रामदेव पतंजलि योग पीठ और मुंबई महिला पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित योग विज्ञान शिविर और महिला सम्मेलन को संबोधिक कर रहे थे. उन्होंने उन महिलाओं से बातचीत की जो कॉन्क्लेव के लिए अपने योग के कपड़े और साड़ियां लेकर आई थीं और रामदेव द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुईं थी. बैठक प्रशिक्षण शिविर के तुरंत बाद शुरू हुई, इसलिए कई महिलाओं को कपड़े बदलने का समय नहीं मिला. यह देखते हुए, रामदेव ने कहा कि अगर उनके पास कपड़े बदलने का समय नहीं है तो कोई समस्या नहीं है और वह इसे घर जाने के बाद कर सकते थे, इसके बाद उन्होंने यह विवादित टिप्पणी की, जिसका हर जगह विरोध हो रहा है.

युवा संविधान को समझें, यह देश की अहम् जरूरतः पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में आयोजित संविधान दिवस समारोह में बोलते हुए कहा कि 14 साल पहले भारत जब अपने संविधान का पर्व मना रहा था, उसी दिन मानवता के दुश्मनों ने भारत पर सबसे बड़ा आतंकी हमला किया था. पीएम मोदी ने याद किया कि 14 साल पहले 26 नवंबर को भारत ने मानवता के दुश्मनों द्वारा अपने इतिहास के सबसे बड़े आतंकवादी हमले का सामना किया था. उन्होंने मुंबई में हुए कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी.

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि भारत की मजूबत होती अंतरराष्ट्रीय छवि के बीच दुनिया हमें उम्मीद की नजरों से देख रही है. उन्होंने कहा कि यह देश जिसके बारे में कहा जाता था कि वह बिखर जाएगा. आज यह देश पूरे सामर्थ्य से आगे बढ़ रहा है. इन सबके पीछे हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान है. उन्होंने प्रस्तावना के पहले तीन शब्दों वी द पीपल का जिक्र करते हुए कहा, हमारे संविधान में की प्रस्तावना की शुरूआत में जो वी द पीपुल लिखा है, ये केवल तीन शब्द नहीं हैं. वी द पीपुल एक आह्वान है, एक प्रतिज्ञा है और एक विश्वास है. संविधान में लिखी यह भावना उस भारत की मूल भावना है जो दुनिया में लोकतंत्र की जननी रहा है, मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहा है. युवा केंद्रित भावना को रेखांकित

करते हुए पीएम ने कहा कि संविधान अपने खुलेपन, भविष्यवादी होने और आधुनिक दृष्टि के लिए जाना जाता है. उन्होंने भारत की विकास गाथा के सभी पहलुओं में युवा शक्ति की भूमिका और योगदान को स्वीकार किया. पीएम ने खुशी जाहिर की, कि लोकतंत्र की जननी होने के नाते देश संविधान के आदर्शों को मजबूत कर रहा है और जनहितैषी नीतियां देश के गरीबों और महिलाओं को सशक्त बना रही हैं. उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के लिए कानूनों को आसान और सुलभ बनाया जा रहा है और न्यायपालिका समय पर न्याय सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रही है. प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर भारत जी20 की अध्यक्षता हासिल करने जा रहा है और उन्होंने एक टीम के रूप में दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिष्ठा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की पहचान को और मजबूत करने की जरूरत है. समानता और अधिकारिता जैसे विषयों की बेहतर समझ के लिए युवाओं में संविधान के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, पीएम ने उस समय को याद किया जब संविधान का मसौदा तैयार किया गया था और देश के सामने जो परिस्थितियां थीं. उन्होंने कहा, उस समय संविधान सभा की बहस में क्या हुआ था, हमारे युवाओं को इन सभी विषयों की जानकारी होनी चाहिए. पीएम ने जोर देकर कहा कि आजादी के अमृत काल में यह भी देश की एक अहम जरूरत है.

मोरबी हादसाः फॉरेंसिक रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, केबल में लगी हुई थी जंग

अहमदाबाद। पिछले दिनों गुजरात के मोरबी में स्थित केबल पुल पर बड़ा हादसा हुआ. अब इसकी फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट सामने आई है. दुर्घटना के दिन 30 अक्टूबर को 3,165 टिकट लोगों को सेल किए गए थे. रिपोर्ट के अनुसार, केबल में जंग लगी हुई थी. पुल के लंगर टूट गए थे. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एक सरकारी वकील ने जिला अदालत को एक रिपोर्ट पेश की है. इसमें कहा गया है कि मूल रूप से एक सदी पहले बनाया गया पुल भार को सहन नहीं कर सका. क्षमता से अधिक लोग होने के कारण यह पुल गिर गया. फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट में संस्पेंशन ब्रिज के रखरखाव, संचालन और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार कंपनी ओरेवा ग्रुप को जांच के दायरे में रखा गया है. यह पुल ब्रिटिश काल का है. इस पुल के गिर जाने से करीब 140 से अधिक लोग की मौत हो गई. पुल हादसे के बाद 31 अक्टूबर को ओरेवा समूह से जुड़े नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया था. उन पर गैर इरादतन हत्या के तहत आरोप लगाए गए थे. पुल का संचालन से लेकर इसके रखरखाव का जिम्मा संभाल रहीं कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया.

बहुविवाह, निकाह-हलाला के खिलाफ मामलों में संविधान पीठ बनाने पर सु.कोर्ट सहमत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को मुस्लिमों में बहुविवाह और निकाह-हलाला की प्रथा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए संविधान पीठ के पुनर्गठन पर सहमत हो गया. 30 अगस्त को जस्टिस इंदिरा बनर्जी, हेमंत गुप्ता, सूर्यकांत, एम.एम. सुंदरेश और सुधांशु धूलिया की पांच जजों की संविधान पीठ ने याचिकाओं पर नोटिस जारी किया था. हालांकि, दो जज जस्टिस बनर्जी और जस्टिस गुप्ता अब रिटायर हो चुके हैं. गुरुवार को, याचिकाकर्ताओं में से एक अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली और जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया, जन्होंने कहा कि वह एक नई बेंच का गठन करेगी.

हमारे इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा गया, अब नया इतिहास लिखेंगे हैः अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को दिल्ली में असम के योद्धा लचित बरफुकन की 400वीं जयंती समारोह में शामिल हुए. इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा और गलत तरीके से लिखा गया है. यह सच हो सकता है, लेकिन अब हमें अपने गौरवशाली इतिहास के बारे में लिखने से कौन रोक सकता है। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इतिहास को तोड़ा है, मरोड़ा है, गलत तरीके से लिखा है, इस विवाद से बाहर निकलिए. उन्होंने कहा कि मैं यहां सभी विद्वानों और प्रोफेसरों से अपील करता हूं कि वे देश के किसी भी हिस्से में 150 से अधिक वर्षों तक शासन करने वाले 30 साम्राज्यों और 300 ऐसे महान व्यक्तित्वों के बारे में शोध, अध्ययन और लेखन करें, जिन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और बलिदान दिया. शाह ने कहा कि नया इतिहास आएगा और जो असत्य है अपने आप चला जाएगा. अमित शाह ने कहा कि लचित बरफुकन का जिस प्रकार से जीवन रहा, वो न केवल एक सेनापति के रूप में, बल्कि एक देशभक्त के रूप में रहा. सराईघाट की लड़ाई को आज भी याद किया जाता है और याद किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि अगर लचित बरफुकन नहीं होते तो आज पूरा पूर्वोत्तर भारत का हिस्सा न होता.

साकेत कोर्ट ने आफताब को 13 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। श्रद्धा मर्डर मामले में आरोपी आफताब पूनावाल को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया. यहां उसे 13 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया. गौरतलब है कि आज यानि शनिवार को आफताब की पुलिस रिमांड खत्म हो रही थी. इस कारण उसे अम्बेडकर अस्पताल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया. मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेजा. सूत्रों के हवाले से ऐसा कहा जा रहा है कि आफताब को आज ही दिल्ली की तिहाड़ जेल में भेजा जाएगा.

गौरतलब है कि आफताब का शुक्रवार को करीब ढाई घंटे तक पॉलीग्राफ टेस्ट हुआ. इसके बाद उसकी तबीयत खराब होने लगी. टेस्ट को बीच ही रोकना पड़ा. चार लोगों की टीम ये टेस्ट कर रही थी. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आफताब को पॉलीग्राफी के लिए दोबारा

बुलाया जा सकता है. हालांकि इसका फैसला रिपोर्ट के आधार पर हो सकेगा. ऐसा कहा जा रहा है कि आफताब ने टेस्ट के दौरान कुछ हद तक ही सहयोग किया. कुछ सवालों के जवाब देने से वह लगातार बचता रहा.

यह चीजें अब तक बरामद हुई-श्रद्धा हत्याकांड के मामले में अब तक जांच में पुलिस ने आफताब का फोन बरामद कर लिया है. अगर डेटा को निकालने में सफलता हाथ लगी को पुलिस के पास बड़े सबूत होंगे. शव को काटने वाला हथियार अभी तक बरामद नहीं हुआ है. मगर उस दुकान का पता लगा लिया गया है, जहां से उसे खरीदा गया है. इन बिल पर श्रद्धा का नंबर लिखा है. आफताब ने फ्रिज भी श्रद्धा के नाम पर खरीदा था. बाथरूम की टाइल्स पर खून के छींटें मिली हैं. वहीं मैदानगढ़ी में तलाब के अंदर तीन हड्डियां बरामद की हैं और जबड़ा भी मिला है. इनका भी डीएनए टेस्ट होगा.

आफताब ने 18 मई को वारदात का दिया था अंजाम-आफताब ने श्रद्धा की हत्या 18 मई को की थी. श्रद्धा वॉल्कर मुंबई को छोड़कर दिल्ली में शिफ्ट हुई थी. यहां पर वह आफताब के साथ छतरपुर के एक फ्लैट में लिव इन रिलेशन में रह रही थी. आरोप है कि आफताब 18 मई को श्रद्धा की गला घोंटकर हत्या कर दी थी. आफताब के अनुसार, श्रद्धा उस पर शादी का दबाव डाल रही थी. हत्या के बाद आफताब ने श्रद्धा के शरीर के 35 टुकड़े कर डाले. इसे रखने के लिए एक ?फ्रिज का इंतजाम किया गया. वह हर रोज रात में शव के टुकडों को महरौली के जंगल में फेंकने जाता था. यह सिलसिला 20 दिनों तक चलता रहा.

शासकीय कन्या महाविद्यालय शिवपुरी में संविधान दिवस का आयोजन किया गया

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दीपक गुप्ता के निर्देशन में श्रीमती दीपाली शर्मा द्वितीय जिला न्यायाधीश शिवपुरी एवं श्रीमती अर्चना सिंह जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आज संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय शिवपुरी में जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में समस्त विद्यालय के स्टाफ एवं छात्राओं के साथ संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती दीपाली शर्मा द्वितीय जिला न्यायाधीश शिवपुरी के द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं के साथ कोई अपराध घटित होता है तो उसकी रिपोर्ट भी महिला पुलिस के द्वारा लिखी जायेगी एवं जब बालिका साक्ष्य के लिए न्यायालय में आती है तब उनके साक्ष्य उनके माता-पिता एवं संरक्षक की उपस्थिति में होते हैं। उन्होंने कानून की जानकारी देते हुए बताया गया कि महिलाओं के लिए जो कानून बनाए गए हैं वह उनका दुरुपयोग ना करें उनका सही से सदुपयोग करें। श्रीमती अर्चना सिंह जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा उपस्थित छात्राओं को संविधान में वर्णित मूल अधिकार मूल कर्तव्य के बारे में जानकारी देते हुए भारतीय संविधान के इतिहास पर प्रकाश डाला एवं निशुल्क विधिक सहायता, नालसा बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा महिलाओं के प्रति सभी प्रकार की हिंसा एवं भेदभाव को समाप्त किए जाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण आर्थिक विकास कौशल उन्नयन डिजिटल साक्षरता बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए उनके द्वारा बताया गया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक रहना चाहिए तभी वे अपने अधिकारों का सही सदुपयोग कर सकती हैं एवं उनके द्वारा बताया गया कि जो बच्चे स्कूल की पढ़ाई छोड़ देते हैं उन्हें हमारे पैरा लीगल वालंटियर द्वारा समझाएस देकर उनका पुनः स्कूल में दाखिला कराया जाता है। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता में चयनित प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कामिनी शर्मा, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा काया शर्मा, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा पूजा धाकड़ को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री ए के जैन द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप भार्गव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय के प्राध्यापक डॉ.ज्योत्स्ना सक्सेना डॉ.अनीता जैन, एस.एस. खंडेलवाल, डॉ. मनोज जैन, अनीता केमोर, एसएस मौर्य सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु संस्था स्तर की काउंसलिंग के चरण प्रारम्भ

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। तकनीकी शिक्षा के अन्तर्गत उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान शिवपुरी के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय छत्री रोड़ शिवपुरी में जो छात्र प्रथम व द्वितीय चरण की काउंसलिंग में भाग नही ले पाए थे तथा जिन छात्रों को तकनीकी शिक्षा में रुझान है, वे संस्था स्तर की काउंसलिंग में सत्र 2022-2023 की शेष सीट के लिये भाग ले सकते है उसके लिए कक्षा दसवीं में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। काउंसलिंग की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराकर संस्था में 30 नवंबर तक उपस्थित होकर ÷पहले आओ एवं पहले पाओ÷ के आधार पर प्रवेश सुनिश्चत करें। कक्षा दसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्रायें महाविद्यालय में बिना पीपीटी परीक्षा दिए दसवीं के अंकों के आधार पर सीधे ही कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिगं ब्रांच में प्रवेश ले सकते है। इस संबन्ध में आधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 7000149795, 9713546528 एवं 8982520726 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रतिबंधित संगठन का संचालन कर रहे प्रतिनिधियों को नोटिस

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-केंद्र सरकार द्वारा विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 के तहत पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) संगठन को प्रतिबंधित किया गया है। 28 सितंबर 2022 को नोटिफिकेशन प्रकाशित किया है। इस संबंध में उच्च न्यायालय दिल्ली के माननीय न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित न्यायाधिकरण द्वारा पीएफआई संगठन और सहयोगी संगठनों को नोटिस जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिवपुरी जिले में पीएफआई संगठन से जुड़े दो लोगों को इस संबंध में नोटिस तामील किया गया है। नोटिफिकेशन की प्रति कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी चस्पा कराई गई है। इसके अलावा रिहायशी एरिया में लाउडस्पीकर के माध्यम से और रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से सूचना दी गई है। शिवपुरी जिले में पीएफआई संगठन से जुड़े वार्ड क्रमांक 2 शक्ति पुरम कॉलोनी खुडा निवासी पीएफआई के सक्रिय सदस्य आदिल शिवानी और हरदोल बाबा मंदिर के पास महल सराय इमामबाड़ा, पुरानी शिवपुरी निवासी पीएफआई के संस्थापक सदस्य अब्दुल आरिफ खान को नोटिस तामील कराया गया है। अब्दुल आरिफ खान के विरुद्ध देहात थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए, 505 के तहत प्रकरण भी दर्ज किया गया है।

बाबा साहब अंबेडकर को याद करते हुए मनाया संविधान दिवस

अरुण कुशवाह कोलारस पुष्पांजलि टुडे

कोलारस- कोलारस में अंबेडकर पार्क एबी रोड पर संविधान दिवस के दिन एक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में ओबीसी महासभा भीम आर्मी कथा अन्य बहुजन संगठन के लोग उपस्थित रहे संविधान दिवस पर एडवोकेट कार्तिक सिंह कुशवाह ने कहा यह संविधान रूपी पवित्र ग्रंथ बाबा साहब ने अपनी कड़ी मेहनत से 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में तैयार कर हमको सौंपा आज संविधान की ताकत

है कि हम हमारी राजनीतिक प्रशासनिक हिस्सेदारी में भागीदार बन रहे हैं भीम आर्मी विधानसभा अध्यक्ष दिनेश निदानिया ने कहा संविधान की रक्षा करना हम सब का कर्तव्य इस अवसर पर सभी लोगों ने अपने अपने विचार रखे तथा महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में कोलारस विधानसभा के रिंकू जाटव, अरविंद कुशवाह, मोहन सिंह धाकड़, गौरव जाटव, दिनेश निदानिय, लक्ष्मण सरदार, विकाश पामार, बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत

पुष्पांजली टुडे से संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट

पिछोर भोती थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत, जानकारी के अनुसार ग्राम दुलही में ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर चलाने में अनियमितता बरती और ट्रैक्टर सीधा नहर में जा गिरा जिससे ड्राइवर तो सुरक्षित बच गया लेकिन साथ में उसके साथी देवेंद्र लोधी की मौके पर ही मृत्यु हो गई जिसकी उम्र लगभग 30 साल बताई जा रही है परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने छात्रों के बिच मनाया संविधान दिवस

नन्हे बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

रितेश कटरे ब्युरो चीफ, पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

26 नवंबर भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर आदर्श दानपात्र सेवा समिति बालाघाट के द्वारा संवेदनशील क्षेत्र ग्राम गांगुलपारा जो कि आदिवासी बाहुल्य ग्राम तथा वनांचल पहाड़ियों से घिरा हुआ है, वहां पहुंचकर नन्हे बच्चों, ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति में नि-शुल्क पाठशाला का प्रारंभ किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर उन्हें संविधान के बारे में अधिकारों के बारे में सरकार की योजनाओं के बारे में स्वास्थ्य, व्यक्तित्व विकास, विशेष तौर से बच्चों के जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में चर्चा परिचर्चा आयोजित की गई। आदर्श दानपात्र सेवा समिति एवं जन सहयोग से इन्हें स्टेशनरी किट, गर्म कपड़ों एवं जरूरत की सामग्री का वितरण किया गया। एवं सभी जनमानस से बच्चों की शिक्षा को गोद ले卐 जैसी अच्छी और सच्ची मुहिम का हिस्सा बनकर लाखों जरूरतमंद बच्चों की मदद करने की अपिल की है। वहीं आदर्श दानपात्र सेवा समिति को दान करने वाले सभी सदस्यों, योद्धाओं एवं दानदाताओं का समिति के द्वारा हृदय से आभार व्यक्त किया गया है।

पुरानी पेंशन की राह में पेच पैदा कर रही है केंद्र सरकारः जनक सिंह रावत

एनपीएस में जमा रकम राज्यों को नहीं दे रहा पी एफ आर डी ए नियामक

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी –पुरानी पेंशन बहाली संगठन न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा प्रेस को दी विज्ञप्ति में बताया गया कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और पंजाब में फिर से लागू की गई पुरानी पेंशन स्कीम की राह में केंद्र सरकार द्वारा पेच फसाया गया है। पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने कहा है कि नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के तहत जमा कर्मचारियों की रकम राज्यों को ट्रांसफर करना संभव नहीं है। राजस्थान व पंजाब,छत्तीसग? ने केंद्र से एनपीएस के तहत कर्मियों की ओर से अब तक जमा की जा चुकी राशि लौटाने की मांग की थी। नियामक ने राज्य सरकारों को कहा है कि एनपीएस के तहत कर्मचारियों की जमा बचत पर उनका दावा कानूनी रूप से मान्य नहीं है। कई राज्यों में कर्मचारी एनपीएस का विरोध कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि पुरानी पेंशन योजना में कर्मी की आखिरी बेसिक सैलरी की 50प्रतिशत पेंशन दी जाती थी। इसमें एक निश्चित पेंशन मिलती थी। इसके अलावा डीए जुड़ता था। वही, 1 अप्रैल 2004 से लागू एनपीएस में सैलरी से 10त्न हिस्सा पेंशन के लिए कटता है। इसके अलावा राज्य सरकार 14त्न योगदान देती है। पेंशन का ये पूरा पैसा पेंशन नियामक के पास जमा होता है, जो इसे बाजार में निवेश करता है। रिटायरमेंट के समय कर्मचारी चाहे तो 60त्न तक जमा राशि निकाल सकता है। 40त्न जमा रहती है। निवेश किए इस पैसे से होने वाले मुनाफे को पेंशन के रूप में दिया जाता है।जब राज्य सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर दी गई है फिर केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों का पैसा ना लौटाना हड़प नीति ही कहा जाएगा केंद्र सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करना चाहती इससे यही प्रमाणित होता है जब एक देश एक विधान फिर क्यों पेंशन में भेदभाव कर्मचारी संगठन केंद्र सरकार से मांग करते हैं जिन राज्यों में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की गई है राज्यों के कर्मचारियों का पैसा राज्य सरकार को लौटाए जिससे उस राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ में जमा किया जा सके संगठन प्रदेश सहित देश के सभी कर्मचारियों से अपील करता है पुरानी पेंशन नहीं तो वोट नहीं की मुहिम को तेज करें और अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करें हमारा एक ही लक्ष्य है पुरानी पेंशन, पुरानी पेंशन नहीं तो वोट नहीं देश के नेताओं को शर्म आना चाहिए एक बार विधायक, सांसद बनने के बाद टैक्सपेयर के पैसे से जीवन भर पेंशन सहित अन्य सुविधाओं का लाभ लेते हैं यह भी बंद होना चाहिए कांग्रेस व आप हिमाचल के बाद अब गुजरात में पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने का मुद्दा जोरशोर से उठा रही है हम माननीय प्रधानमंत्री महोदय से आग्रह करते हैं देश के 70 लाख कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन बहाल करें।

भारत का संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता हैः श्री भरत सिंह चौहान

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत संचालित नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर जनपद सभाकक्ष कोलारस में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्री भरत सिंह चौहान ने कहा कि हमारा संविधान हमें अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। हम अपने अधिकारों के साथ साथ यदि कर्तव्यों का भी सही तरह से अनुपालन करें तो हम देश को वास्तविक संवैधानिक श्रेणी में ला सकते है। श्री भरत सिंह चौहान ने कहा कि बाबा साहब डां.भीमराव अम्बेडकर की अध्यक्षता में बनाये गये भारत के संविधान को आज ही के दिन 26 नवम्बर 1949 को लागू किया गया था। जिसमें सभी धर्मों व वर्गो को समानता का दर्जा दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्री भरत सिंह चौहान, विशेष अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री बलवीर सिंह , श्री रिंकू भट्ट, विधायक प्रतिनिधी श्री राम सडैया, मण्डल अध्यक्ष श्री शिखर धाकड, एडीओ श्री अभिलाख सिंह, एडवोकेट श्री जितेन्द्र यादव, स्वास्थ्य विभाग की श्रीमती नीरा सोनी, नगरपरिषद उपाध्यक्ष श्री राहूल बंसल, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री ओ पी भार्गव नेहरू युवा केन्द्र उप निदेशक श्री एस एन जयन्त, कार्यक्रम संयोजक श्री इमरत सिंह जाटव

,एनवायव्ही परमाल सिंह दांगी, श्रीमती वन्दना धाकड आदि ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की चित्र पर मालार्पण किया। नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी के उपनिदेशक श्री एस.एन.जयन्त ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस के तहत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा शिवपुरी जिले में अपने युवा मण्डलों व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों के सहयोग से अनेक ग्रामों में संविधान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, संविधान उद्धेशिका का वाचन, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। श्री जयन्त ने कहा कि युवा वर्ग को चाहिए कि हमारे संविधान के बारे में विस्तार से जाने व उसमें लिखे गये नियम कायदों का अपने जीवन में आत्मसात करें व हमारे संविधान में दिये गये अधिकारों व कर्तव्यों को पालन स्वयं करें व लोगों को भी कराने हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता एडवोकेट श्री जितेन्द्र जाटव व श्री अभिलाख सिंह ने सविधान में दिये गये नियमों, कर्तव्यों व अधिकारों के बारे में उपस्थित युवाओं को विस्तार से जानकारी दी व उन्हें किस तरह से अपने जीवन में लागू कर सकते हैं के बारे में बतलाया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री बलवीर सिंह ने कहा कि देश के विकास में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है व संविधान में दिये गये उसके उद्धेश्यों को जन जन तक पहूंचाने में भी युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेष अतिथी श्री रिंकू भट्ट ने कहा कि आज हम अपने अधिकारों की बात तो करते है लेकिन अपने कर्तव्यों की बात नहीं करते हमें अपने कर्तव्यों की प्रति भी जागरूक रहना चाहिये। विशेष अतिथि मण्डल अध्यक्ष शिखर धाकड ने कहा कि युवाओं को ही देश में सामाजिक समरसता के लिये कार्य करना चाहिये। विधायक प्रतिनिधि श्री राम सडैया ने कहा कि संविधान का अक्षरस पालन करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये श्री ओ पी भार्गव ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने जब संविधान की रचना की उसमें सभी धर्म, जाति व वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया व सभी को समानता का अधिकार दिया गया। हमें देश में संविधान के अनुसार समानता का आचरण करना चाहिये। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्री महेश गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग की श्रीमती नीरा सोनी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में संविधान उद्धेशिका का भी वाचन किया। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम संयोजक नेहरू युवा मण्डल पनवारी अध्यक्ष श्री इमरत सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

संविधान गौरव दिवस मनाया

पूरे देश में 26 नवंबर को मनाए जाने वाले संविधान दिवस को शिवपुरी में गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में एक कार्यक्रम के माध्यम से संविधान दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। जिसके परिपालन में भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश में इसे गौरव दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। शिवपुरी फतेहपुर अंबेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया में स्वच्छता अभियान चलाया सफाई कर्मी महिलाओं का पुष्प देकर सम्मान किया दिवस को अनुसूचित जाति मोर्चा के माध्यम से बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ वीर सिंह सगर उपस्थित जिला महामंत्री खेमराज मोर जिला उपाध्यक्ष दीपक शाक्य जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कोली जिला मंत्री राहुल खटीक जिला मंत्री बबीता जाटव जिला मंत्री कुसुम जाटव जिला मंत्री उषा परिहार नगरअध्यक्ष मिट्ठू जाटव मीडिया प्रभारी कुलदीप आर्य नगर महामंत्री सुधीर खत्री सरसोद मंडल अध्यक्ष विजय परिहार कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संविधान दिवस को गौरव दिवस के रूप में नगर परिषद पिछोर में मनाया गया

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

पिछोर। 26 नवंबर को संविधान दिवस सारी कंट्रीज में मनाया जाता है इसी क्रम में आज नगर परिषद पिछोर में भी संविधान दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाया गया भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल पिछोर द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी और उनकी सहयोगी संविधान निर्माताओं ने 1949 में आज ही के दिन भारत के महान संविधान को राष्ट्र को समर्पित किया था इसमें मुख्य भूमिका बाबा साहब की रही अतः बाबा साहब के चरणो में माल्यार्पण कर उनका आभार व्यक्त किया इसी अवसर पर युवा मोर्चा की जिला सोशल मीडिया प्रभारी हैप्पी गुप्ता साथी ह्मष मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रणबीर यश कूड़े रिंकू भैया ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया तथा नगर परिषद पिछोर के वरिष्ठ गण भी मुख्य रूप से बाबा साहब के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

गोरा में एक साल का बच्चा नहर में बहा गोताखोरों के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह। क्षेत्र के ग्राम गोरा में एक साल के छोटे बच्चे का नहर में डूबने का मामला सामने आया है।परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की शाम 04 बजे बच्चा खिलौने से खेलते समय नहर के पास जा पहुंचा तभी उसका खिलौना नहर में बह गया जिसे उठाने के लिए वह नहर में लपका,वैसे ही उसका पैर फिसल गया और वह पानी से भरी हुई नहर में जा डूबा। यहां बता दें कि ग्राम गोरा में नहर किनारे कुछ मकान बने हुए हैं।बच्चे

के पिता का नाम सुरेन्द्र कुशवाहा बताया गया है।बच्चे का खिलौना नहर की सीढ़ियों पर पड़ा हुआ मिला है।शुक्रवार की शाम से घटना के बाद से बच्चे की मां को रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों व आस पड़ोस बालो के द्वारा शुक्रवार की शाम ही घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई थी। जिसके बाद कुछ ही समय बाद दबोह थाना टीआई समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उसके कुछ समय बाद लहार एसडीएम आर ए प्रजापति,तहसीलदार नवीन भारद्वाज समेत प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा। पुलिस के पहुंचने से पहले ही एक साल के मासूम आर्यन को ढूंढने में ग्रामीणजनो ने नहर में छलांग लगा दी परन्तु घण्टो की कोशिश के बाद भी 1 साल का मासूम आर्यन नही मिला। जिसके बाद प्रशासन ने रेस्क्यू टीम को जानकारी देकर बुलाया और फिर देर रात रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और रात में रेस्क्यू न करते हुए नहर में काफी आगे चलकर जाल डाल दिया गया और उसके बाद फिर शनिवार की सुबह लगभग 06-07 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।परंतु दोपहर तक बच्चे का कोई सुराग नही लगा,लेकिन रेस्क्यू कार्य अभी भी जारी है।खबर लिखे जाने तक बच्चे का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

देश की ताकत है संविधान : मान सिंह कुशवाहा

कांग्रेसियों ने संविधान दिवस मनाया

पुष्पांजली टुडे न्यूज

रौन (भिण्ड)। रौन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यालय पर संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा उपस्थित होते हुए उन्होंने कहा आज देश में संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को जिस प्रकार से कमजोर करने का काम भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है उसी की रक्षा के लिए हमारे देश के नेता आदरणीय राहुल गांधी आज रोडो पर भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से निकल पड़े हैं। अब आप और हम सब चाहते है कि देश में संविधान सुरक्षित रहे तो आज का दिन संकल्प दिवस के रूप में मनाना होगा और प्रतिज्ञा लेनी होगी कि ऐसे तमाम षड्यंत्र कारी संगठन जो संविधान को क्षति पहुंचाने का

काम कर रहे हैं उन्हें प्रदेश और देश की राजनीति से बाहर का रास्ता दिखाना होगा हमारे देश का संविधान ग्रंथ की तरह स्मरणीय है जिस देश में विभिन्न जाति धर्म वेशभूषा व विभिन्न प्रकार की भाषाएं बोली जाती हो उन सबको प्रोकर रखने का काम यह देश के संविधान ने किया है जहां पेड़ पौधे पशु पक्षी जीव जंतु व मानवीय अधिकारों का भी उसमें ध्यान रखा गया हो ऐसे संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व उनकी कमेटी के सदस्यों का हम सब संविधान दिवस के अवसर पर हम सब उनके कृतज्ञ ऋृणा है इसी क्रम में वरिष्ठ नेता अमित दांतरे, रणजीत सिंह गुर्जर लहार विधायक प्रतिनिधि आदित्य प्रताप सिंह,रौन नगर पंचायत उपाध्यक्ष मेवालाल बघेल ने भी अपने विचार रखे व कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पार्षद सत्येंद्र उर्फ राजू राजावत ने किया कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त हरेंद्र दौहरे द्वारा किया गया इस मौके पर कई कांग्रेस के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

पवित्र उददेश्य के साथ निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्राः सक्सेना

सीहोर। कांग्रेस के नेता और पूर्व विधायक रमेश सक्सेना ने कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बयान देते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हर वर्ग, जाति और सम्प्रदाय के लोग इस यात्रा में शामिल होकर अपना समर्थन दे रहे हैं। इस यात्रा में भारतीय की संस्कृति की झलक दिखाई दे रही है। आज जिस प्रकार से लोक तांत्रिक संस्थाओं को नुकसान पहुंचाया गया है, समाज में नफरत, और बांटने की राजनीति की गई है। देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के पवित्र उददेश्य के साथ यह यात्रा निकाली जा रही है। विद्यार्थी, आमजन, किसान, और बुजुर्गों का समर्थन और आर्शीवाद इस यात्रा को मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी , कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इससे समाज को बांटने वाली ताकतें घबराई हुई है जो समाज में नफरत फैलाने का काम करतीं हैं। ऐसे ही लोग इस यात्रा को बदनाम करने में लगे हुए हैं जो सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार कर रहे हैं। लेकिन जनता के सामने इनकी हकीकत सामने आ गई है। अब इनके किसी भी प्रकार के छलावे में जनता नहीं फंसने वाली है। जनता भी सब कुछ देख रही है, परख रही है। यह यात्रा देश प्रदेश में बड़ा बदलाव लेकर आएगी।

एकीकृत कन्या हाई स्कूल दबोह में मनाया गया संविधान दिवस

संविधान की बारीकियों से छात्र छात्राओं को अवगत करवाना हम समस्त गुरुजनों का कर्तव्य है-शैलेंद्र सिंह कुशवाह

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह। दबोह नगर के एकीकृत कन्या हाई स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया।इस मौके पर बीआरसीसी लहार शैलेंद्र सिंह कुशवाह जी उपस्थित रहे।उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष रहे डॉ भीमराव आंबेडकर जी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किये।विद्यालय प्रचार्य ज्ञान सिंह राठौर ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन काल से बच्चों को परिचय करवाया।वहीं पर उपस्तिथ शिक्षक कांग्रेस के पदाधिकारी अतीक मोहम्मद खान ने कहा हमारे समाज मे अपने हितों की रक्षा के लिए संविधान रूपी ज्ञान की बहुत जरूरत है।बच्चों को इस ज्ञान से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है।इस मौके पर सभी ने बच्चों को अम्बेडकर जी के समाज के प्रति किये गए कार्यो से प्रेरणा लेने को कहा गया एवं छाया चित्र पर पुष्प आर्पित किये गए।विद्यालय में रवि प्रकाश सिंह राजपूत,महेंद्र सिंह कौरव,अजय गुप्ता,महिपाल सिंह कौरव,संजय कुमार सोनी,दूरबार जी,मरुत राज कौरव श्रीमती उमा दुबे,चिंतामणि तिवारी एवं समस्त शिक्षक उपस्तिथ रहे।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री रामपाल सिंह परिहार जी के द्वारा किया गया।

देवेंद्र सीरवी का रेलवे विभाग में जूनियर इंजीनियर पद पर चयन

पुष्पाजंली टुडे

पाली। समाज की होनहार प्रतिभा देवेंद्र सीरवी मूलनिवासी बेरा जोम्बू वाला,पूराना सेसली रोड़, बाली,पाली जिला। आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा 5 वीं तक आदर्श विद्यालय मंदिर बाली से उत्तीर्ण की।इसके बाद आपकी मेहनत व लगन से चयन केंद्रीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय जोजावर में हुआ।आपने जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में 6से12तक की शिक्षा का सफर नवोदय विद्यालय परिवार में हुआ।आपकी बचपन से ही शिक्षा में रूचि होने के स्वरूप आपने 10 बोर्ड में 9.6/10 अंक अर्जित किया/12 में 91.20त्रअंक के साथ पाली जिले स्तर पर 4 स्थान मेरिट हासिल की।तत्पश्चात आपने की डिग्री कृषि महाविद्यालय उदयपुर के कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग से 7.39/10 के साथ उत्तीर्ण की।अपनी ग्रेजुएशन पूरी करने के

बाद आपने घर की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्राइवेट नौकरी करते हुए कम्पीटीशन एग्जाम की तैयारी करने लगे।कई बार असफलता के बाद भी आपने हार नही मानी/आपके पिता श्री कारीगर का काम करते हैं, शुरू से ही आपके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही रही फिर भी आपके पिता ने आपकी शिक्षा में आर्थिक रुकावट आने नही दी। वह आपको हमेशा मोटिवेशनल करते रहे, यह सिख आपके पिता श्री से आपको मिली ओर आप अधिक मेहनत करते रहे अंत मे आपको रेलवे विभाग में जूनियर इंजीनियर पद पर चयन हुआ वह आपने बड़ी कामयाबी हासिल की। आपको इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति परिवार व अखिल भारतीय सीरवी समाज की तरफ से बहुत बहुत हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

आम आदमी पार्टी ने मनाया 10 वां स्थापना दिवस

रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह

सिरोंज। आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए ! जिसमें की लिंक रोड स्थित अनाथ आश्रम में भोजन वितरण कार्यक्रम किया गया इसके पश्चात आगामी गतिविधियों को लेकर प्रेस वार्ता की गई जिसमें भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यकर्ताओं द्वारा आरटीआई लगाकर जानकारी ली जा रही है इसके पश्चात मौके पर विकास कार्य को देखा जाएगा कई विकास कार्यों में सिर्फ कागजी विकास हुआ है उसको लेकर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आंदोलन किए जाएंगे और लोगों तक जागरूकता बाटी जाएगी इसके पश्चात आरटीआई अभियान चलाया जाएगा और लोगों को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जागरूक किया जाएगा गांव गांव जाकर लोगों को सूचना का अधिकार की जानकारी दी जाएगी और आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरी दम के साथ विधानसभा चुनाव में उतरेगी और कई लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं आम आदमी पार्टी के अहम मुद्दे शिक्षा और स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार मुक्त मध्यप्रदेश को

लेकर रहेंगी। साथ ही संविधान दिवस के उपलक्ष में भीमराव अंबेडकर जी को फूल माला अर्पण कर नमन किया और उनके शुभ विचारों पर प्रकाश डाला ! इस दौरान राहुल त्यागी, सुधीर शर्मा, रजत सक्सेना, अभिषेक शर्मा, शंभू गौरी, वाजिद खान, फरहान हाफिज, राकेश कुशवाह, डॉक्टर सोहेल, आवास जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जल जीवन मिशन के तहत बैठक हुई आयोजित

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी

पाली राजस्थान। निकटवर्ती ग्राम पंचायत रुपावास को जल जीवन मिशन के तहत राष्ट्रीय स्तरीय टीम द्वारा घर-घर होने वाले कनेक्शन व ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों से जानकारी प्राप्त की केंद्रीय टीम के प्रभारी आरपी सिंह व जगदीश द्वारा जल जीवन मिशन के बारे में गांव वालों से चर्चा की तथा समस्या का समाधान के बारे में निर्देश दिए साथ में जे ई एन कान सिंह वह विकास अधिकारी मोहनलाल चौधरी ने इस योजना के बारे में जानकारी दी इस मौके पर सरपंच सुरेश बंजारा समाज सेवी हरि भाई पटेल पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री देवी पटेल वार्ड पंच सोनाराम जी पन्नाराम जी बंजारा पुखराज मालवी बाबूलाल सुपरवाइजर दुर्गा राम देवासी चिमना राम मेघवाल राम नारायण नेमाराम राठौड़ सहित सभी जल मिशन कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

66वीं राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग क्रीड़ा प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक हुआ समापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड (ब्यूरो)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया के मुख्य आतिथ्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 में हुई 66वीं राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग क्रीड़ा प्रतियोगिता 19 वर्ष के बालक/बालिका का समापन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि, अपर संचालक धीरेन्द्र चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर, विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मीकि उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाडियों को खेल भावना से खेलना चाहिए तथा खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।



उन्होंने खेलों में छात्राओं की अधिक सहभागिता के लिए उन्हें बधाई दी तथा सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। 66वीं राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग क्रीड़ा प्रतियोगिता में 9 संभागों के लगभग 102 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता निभाई। सभी संभागों के खिलाडियों को एवं स्टेट ऑफीसरों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विजेता एवं उप विजेता बालक/बालिका टीमों को ट्राफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शासकीय/अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा बैंड, गायन एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया।

संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी
पाली राजस्थान

सुमेरपुर पाली । केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, सिरोही के द्वारा पाली जिले के सुमेरपुर ब्लॉक के एच. के. हाईटेक आई.टी.आई महाविद्यालय, सिंदूरू मे संविधान दिवस पर संगोष्ठी, शपथ व भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य कविता गहलोत, प्राचार्य एम.सी नेहरा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। वार्ताकार बालिका फालना के प्रधानाचार्य कविता गहलोत ने कहां की देश के युवाओं को संविधान की प्रस्तावना के शब्दों को हृदय से आत्मसात कर मूल अधिकारों के साथ-साथ देश के प्रति अपने कर्तव्य निष्ठा तथा देश की एकता और अखंडता के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि संविधान प्रत्येक नागरिक को आर्थिक,सामाजिक, राजनीतिक दृष्टि से समानता प्रदान करता है। प्राचार्य इंजी.एमसी नेहरा ने संविधान दिवस की शपथ दिलाते हुए युवाओं से कहा कि संविधान हमें कर्तव्यों का स्मरण दिलाता है। अत~ हमें संविधान की आत्मा के अनुसार सदैव कर्तव्य की पालना के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने बताया कि संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ.भीमराव अंबेडकर के 125 वी जयंती वर्ष के रूप मे 26 नवंबर 2015 से संविधान दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जा रहा है। गहलोत ने बताया कि संविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। संविधान निर्माता सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में 26 नवंबर 1949 को संविधान देश को समर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संविधान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेता प्रतिभागियों को विभाग की ओर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुदेशक भरत दत्ता, रमेश कुमार,चेतक दादावत एवं महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

स्कूली छात्रों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह

सिरोंज। नशा समाज के लिए अभिशाप है, कई परिवार नशे की गिरफ्त में आकर अपना वजूद खो बैठे हैं उपरोक्त विषय से अवगत कराते हुए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दीपनाखेड़ा में स्कूली छात्रों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई इस दौरान प्रभारी प्राचार्य रघुवीर सिंह रघुवंशी, मनोज विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

मुरैना एसपी आशुतोष बागरी ने शनिदेव पर ली क्राइम मीटिंग, अपराध रोकने के दिए निर्देश

केशब पंडित जी अम्बाह

मुरैना। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने क्राइम मीटिंग हेतु दिए गए एजेंडा बिंदुओं पर कार्यों की प्रगति संबंधी पुलिस कार्यालय में जिले के राज पत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने लंबित अपराधों एवं शिकायत की समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण करने व पेंडेंसी कम करने के उद्देश्य से सभी सुपर विजन अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारियों से सभी अनसुलझे व लंबित मामलों पर चर्चा कर निकाल हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला संबंधी अपराधों में पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों तथा महिला संबंधी रिपोर्ट एवं शिकायत पत्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के कड़े निर्देश दिये। साथ ही गुम नाबालिकों की पतारसी व दस्तयाब कर प्राप्त साक्ष्य के आधार पर वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। उन्होंने सभी डिबीजन अधिकारियों को महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध तथा लंबित गंभीर मामलों के साथ-साथ चिटफंड कंपनी से संबंधित शिकायतों एवं आईटी एक्ट प्रकरणों की अपने स्तर पर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार पुलिस टीम बनाकर दूसरे प्रांत भेजने हेतु निर्देशित किया। जमीन संबंधी विवादों में दोनों पक्षों पर अनिवार्यतः प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने कहा। श्री बागरी ने मेरे द्वारा सभी थाना/चौकी में जाकर आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा एवं थाने में ही विवेचना अधिकारियों की मीटिंग लेकर उनके कार्यों की समीक्षा की जावेगी। माफिया की गतिविधियों पर प्रभावी अनियमित संचालन करने एवं सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा,धान एवं शराब के परिवहन में पूर्ण प्रतिबंध लगाने के दिये निर्देश। थानावार लंबित अपराध, शिकायत, समंस/वारंट, मर्ग, गुम इंसान, चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध पंजीबद्ध अपराध की समीक्षा उपरांत लंबित मामले का निराकरण करने कहा गया है। साथ ही सभी प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र मजबूत कर संपत्ति संबंधी अपराध जैसे लूट, चोरी, धोखाधड़ी आदि को रोकने के लिए अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्यवाही

करने तथा रात्रि गस्त एवं पेट्रोलिंग को सुदृढ़ करने हिदायत दी। थाना क्षेत्र के बदमाशों पर सतत निगाह रखते हुए उनकी सक्रियता पाए जाने पर विधिवत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने एवं असामाजिक गतिविधियों जैसे अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री, अवैध आर्म्स, जुआ-सट्टा में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही कर उनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने सख्त निर्देश दिये। व्हीव्हीआईपी,व्हीआईपी मूव्हमेंट के पहले थाना, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में विशेष सावधानी बरतने कहा गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने क्राईम मीटिंग के दौरान माननीय न्यायालय द्वारा जारी समंस-वारंटो की तामीली एवं न्यायालयीन कार्यो को पूर्ण जवाब देही के साथ समयावधि में निराकृत करने के निर्देश दिए। थानों में लंबित माल के आवश्यक निराकरण करने व क्षेत्र के सामाजिक संस्थानों, व्यापारियों एवं नागरिकों से संपर्क कर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने हेतु निर्देशित किए। उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों को बेहतर बेसिक व विजिबल पुलिसिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत जनता से संपर्क कर ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर क्राइम, एटीएम फ्रॉड व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जाने निर्देशित किए। थाना प्रभारियों को अपने अधिनस्थों पर नियंत्रण रखने एवं आगंतुकों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करने एवं महिलाओं बच्चों व बुजुर्गो से संबंधित मामलों का त्वरित निराकरण करने दिए निर्देश। उक्त क्राईम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिह नरबरिया, व सभी डिबीजनो के उप पुलिस अधीक्षक व जिलो समस्त थाना प्रभारी एवं सायबर प्रभारी, एवं पुलिस कार्यालय के अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

72 साल में भी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का कानून क्यों नहीं

चुनाव सुधार की बात की जाये तो सबसे बड़ा सुधार तो पहले चुनाव आयोग में ही करना होगा। उच्चतम न्यायालय ने सही ही कहा है कि साल 2004 से किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है।

भारत में चुनाव सुधारों पर लंबे समय से बहस चलती रही है लेकिन यह सुधार इसलिए नहीं हो पाये क्योंकि जिस संस्था पर चुनाव कराने की जिम्मेदारी है उसे कभी ज्यादा अधिकार दिये ही नहीं गये। यही नहीं, हर सरकार द्वारा अधिकारियों को चुनाव आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद पर उस समय नियुक्त किया जाता है जब उसकी सेवानिवृत्ति का समय नजदीक हो। इसके चलते किसी भी चुनाव आयुक्त को अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए पर्याप्त समय ही नहीं मिल पाता। देखा जाये तो भारत में चुनाव सुधार से जुड़े मुद्दे चुनावों से पहले उठते जरूर हैं लेकिन चुनाव बाद सबकुछ शांत हो जाता है। यह भी देखने को मिलता है जब कोई दल विपक्ष में होता है तो उसे चुनाव सुधारों की बहुत परवाह रहती है लेकिन सत्ता में आते ही उसके लिये यह फिजूल का मुद्दा हो जाता है या उसकी प्राथमिकता सूची से गायब हो जाता है। लेकिन अब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने इस मुद्दे को उठाया है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार अब चुनाव सुधारों की दिशा में आगे बढ़ेगी।

सुधारों की बात की जाये तो सबसे बड़ा सुधार तो पहले चुनाव आयोग में ही करना होगा क्योंकि साल 2004 से किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। संप्रग सरकार के 10 साल के शासन में छह मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे, वहीं राजग सरकार के आठ साल में आठ मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे हैं। इसलिए सरकारों की कार्यशैली और सोच पर अदालत ने सवाल उठाया है। अदालत ने सरकारों की ओर से निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कोई कानून नहीं होने का फायदा उठाये जाने की प्रवृत्ति को तकलीफदेह करार दिया है। साथ ही अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 324 का उल्लेख करते हुए कहा है कि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में संसद द्वारा एक कानून बनाने की परिकल्पना की गयी थी, लेकिन 72 साल गुजर गये और अब तक कानून नहीं बन पाया है जिसका फायदा सभी दलों की केंद्र सरकारें उठाती रही हैं।

इसके अलावा, पांच सदस्यीय संविधान पीठ का यह कहना भी अपने आप में बहुत गंभीर है कि संविधान की चुप्पी को भुनाया जा रहा है। अदालत ने टीएन शेषन जैसे कड़े रुख वाले व्यक्ति की निर्वाचन आयुक्त पद पर नियुक्ति की वकालत करते हुए यह भी कहा है कि संविधान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दो निर्वाचन आयुक्तों के 'नाजुक कंधों' पर बहुत जिम्मेदारियां सौंपी हैं इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर टीएन शेषन की तरह के सुदृढ़ चरित्र वाले व्यक्ति होने चाहिए।

जहां तक यह सवाल है कि अदालत ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले पर टिप्पणी क्यों की? तो हम आपको बता दें कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ कुछ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग की गयी है। कहा जा रहा है कि यदि इस कॉलेजियम प्रणाली में देश के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हों तो सरकार पर कुछ अंकुश लग सकता है।

म.प्र. में दो-दो यात्राओं से क्या निकलेगा संदेश

सियासत के न जाने कितने रंग और रूप होते हैं शायद सियासतदारों को भी न पता हो। शह और मात का खेल शतरंज में होता जरूर है लेकिन मौजूदा दौर में तो वह सियासत पर परवान चढ़ाता चाहे जब और जहां दिख जाता है। इन दिनों देश में गुजरात और हिमाचल के विधानसभा चुनाव के साथ दिल्ली महानगर पालिका चुनावों की पूरे देश में भले ही चर्चा हो रही हो लेकिन एक राज्य ऐसा भी है जहां विधानसभा चुनाव को पूरे वर्ष भर बांकी हैं लेकिन राजनीतिक सरगर्मियां कुछ ऐसी हैं कि पूछिये मत। चुनावी समर में भाजपा और कांग्रेस किसी भी तरह की जोर आजमाइश में एक दूसरे से पीछे नहीं है। राष्ट्रपति का दौरा प्रधानमंत्री का महीने भर के अन्तराल में दो बार दौरा केन्द्रीय गृह मंत्री का दौरा और अब सरकार की गौरव यात्रा तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के पहुंचने के मायने बेहद खास हैं। कहने की जरूरत नहीं कि बात मध्यप्रदेश की हो रही है। अगले वर्ष यानी 2023 में ठीक इन्हीं दिनों देश का दिल कहें या भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश चुनावी कोलाहल की उफान में डूबा हुआ होगा। ऊंट किस करवट बैठेगा इसको लेकर कोई ठोस दावा भी होता नहीं दिख रहा है।

2018 के चुनाव में थोड़े से अंतराल से पिछड़ने के बाद बहुमत से पिछड़ी भाजपा को दोबारा सत्ता में आने खातिर जिस तरह से नाटकीय घटनाक्रम हुए जिसमें कांग्रेस विधायकों का थोक इस्तीफा दलबदल और उप-चुनाव में पसीना बहाकर बहुमत हासिल करना पड़ा वैसी नौबत ही न आए सारी कवायद बस इतनी है। मतदाताओं को साधने की कवायद में भाजपा तेजी से सक्रिय है। किसी न किसी बहाने लोगों तक पहुंच रही है उस मुकाबले कांग्रेस बहुत पीछे है। राहुल गांधी की पदयात्रा कांग्रेस को कितनी संजीवनी दे पाएगी यह वक्त बताएगा। लेकिन जो दिखता है और लोग मानते भी हैं कि जिस आत्मविश्वास उत्साह इशारे और संगठनात्मक मजबूती के साथ शिवराज सिंह चौहान के तेवर बदले हुए हैं वो बताते हैं कि वो पांचवीं बार भी प्रदेश की कमान संभालने की जुगत में अभी से जुट गए हैं। तमाम सभाओं में आला अधिकारियों को फटकारना निलंबित करना अपराधियों विशेषकर बलात्कारियों या सूदखोरों के घर ढ़हा देने के फैसलों से भी एक नई हवा बनी है। कभी यह चर्चा होती थी कि वो दिल्ली को भाते नहीं है वह भी नहीं दिखती उल्टा प्रधानमंत्री के साथ उनकी हालिया लगभग सारी मुलाकातें और महीने में दो बार आने से भी जहां खुद भाजपा कार्यकर्ताओं को बड़ा संदेश गया वहीं प्रशासनिक हल्के को भी समझ आ गया है कि 2023 की कैसी तैयारी करना है।

17 सितंबर और महीने भर के ही अन्दर 12 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मध्यप्रदेश में उपस्थिति बताती है कि मिशन 2023 के लिए मोदी का प्रदेश में सबसे ज्यादा भरोसा किस पर है। 17 सितंबर अपने 72 वें जन्मदिन पर मध्यप्रदेश के कूनो अभ्यारण्य में 8 चीते जिन्हें नामीबिया से लाकर छोड़ना तो वहीं 26 दिन बाद ही धार्मिक नगरी उज्जैन में सुप्रसिध्द बाबा महाकाल लोक का उद्घाटन कर इतना तो साफ कर दिया कि कि भाजपा अगला चुनाव किसके नेतृत्व में या किसे मुखिया बनाकर लड़ेगी। दोनों ही मौकों पर प्रधानमंत्री के सबसे करीब और सबसे ज्यादा वक्त तक कोई दिखा तो वो थे शिवराज सिंह चौहन। रही-सही कसर इस मौके की सामने आई तमाम तस्वीरों ने पूरी कर दी। राजनीतिक गलियारों में चल रही चर्चाओं को ही लें तो गलत नहीं होगा क्योंकि आजादी के अमृतकाल में जहां चीतों के पुनर्वास का अलग सा काम हुआ वहीं कहा जाता है कि महाकाल मंदिर जिसका निर्माण द्वापर युग से भी पहले का है तथा इतिहास बताता है कि मंदिर पर कई बार आक्रमण हुए तथा 11वीं सदी में इल्तुतमिश ने नष्ट भी कर दिया जिसे बाद में हिंदू राजाओं ने इसका पुर्ननिर्मित करवाया। उसी महाकाल के महालोक का नया लुक देने का ऐतिहासिक काम अब हुआ। स्वाभाविक है दोनों बड़ी उपलब्धियां है और श्रेय किसको जाता है सबको पता है। जाहिर है शिवराज सिंह चौहान ने वो रास्ता सुरक्षित कर लिया जिसमें प्रदेश के विकास और समृध्दि के साथ उनकी राजनीतिक धाक भी मायने रखती है।

अभी मध्य प्रदेश का मालवा-निमा? सियासी अखा?ा बना हुआ है। वहीं 15 नवंबर को विन्ध्य में राष्ट्रपति की शहडोल यात्रा के दौरान जनजातीय वर्ग को साधने खातिर बिरसामुण्डा जयंती के मौके पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का मप्र की धरती में पहले आगमन पर विन्ध्य महाकौशल के 11 जिलों के जनजातीय समुदाय की उपस्थिति और इसी दिन राष्ट्रपति पेसा एक्ट (पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) लागू किए जाने के मायने बहुत गहरे हैं। राष्ट्रपति की मौजूदगी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बेहद अलग व कड़क भाषण सुनने को मिला। पेसा एक्ट की खूबियाँ बताकर इसे जनजाति समुदाय का स्वराज साबित बताना बताता है कि दरअसल कहीं पे निशाना और कहीं पे निगाहें हैं। मध्यप्रदेश में जो भी कुछ राजनीतिक सरगर्मियां है नवंबर 2023 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर है। 230 सीटों में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 35 तो वहीं आदिवासी वर्ग के लिए 47 सीटें आरक्षित हैं। मध्यप्रदेश में 84 विधानसभा सीटों पर आदिवासी वोट बैंक का जबरदस्त दखल है। 2018 में मध्यप्रदेश में आदिवासी सीटों के नतीजे बेहद चौंकाने वाले थे। 47 सीटों में भाजपा 16 जीत पाई थी जबकि कांग्रेस ने 30 सीटें जीतीं थीं। सरकार कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की बनीं लेकिन बाद में राजनीतिक जोड़-तोड़ इस्तीफे दलबदल के चलते भाजपा ने 23 मार्च 2020 को कमल नाथ के स्थान पर न केवल वापसी की बल्कि उप-चुनाव में भी सफलता हासिल की जिससे शिवराज सिंह चौहान की चौथी पारी बरकरार है।

सारा खेल यही साधने का है राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के 23 नवंबर को मध्यप्रदेश पहुंचने के बाद सरगर्मी बढ़ गई है। इसके 3 दिन पहले 20 नवंबर से शिवराज सिंह की टंटया भील गौरव यात्रा का आगाज हो चुका है जो सभी 89 आदिवासी ब्लॉक जाएगी। दोनों ही यात्राओं का समापन 4 दिसंबर को होगा। गौरव यात्रा इन्दौर में थमेगी तो राहुल की यात्रा 12 दिनों में 386 किमी की मध्य प्रदेश यात्रा केवल बुरहानपुर खड़वा खरगोन इंदौर उज्जैन और आगर मालवा जिलों से होकर 4 दिसंबर को यात्रा आगर मालवा जिले से राजस्थान कूच कर जाएगी। यकीनन मध्यप्रदेश से राजनीति की बेहद रोचक तस्वीरें देश को दिखेंगी। जब आप यह पढ़ रहे होंगे तब जहां कॉंग्रेस का उत्साह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर चरम पर होगा वहीं उनके साथ उनकी बहन प्रियंका बहनोई राबर्ट वाड्रा और भांजा रोहन 4 दिनों तक रहकर मध्यप्रदेश में कॉंग्रेस की राजनीति को एक नए सियासी मुकाम पर ले जाने की दिशा तय करेंगे। ऐसा लगता है कि कॉंग्रेस ने भी सॉफ्ट हिन्दुत्व का रास्ता चुन लिया है क्योंकि मध्यप्रदेश में प्रवेश के मौके पर राहुल की बढ़ी हुई दाढ़ी और माथे पर पीला तिलक तो इन्दौर विमानतल से निकलते वक्त रावर्ट वाड्रा का महाकाल लिखा टी शर्ट पहनना वहीं प्रियंका गांधी द्वारा कार में अपनी गोद में माता को चुनरी संभाल रखना बड़ा संकेत है। कहने की जरूरत नहीं इसके सियासी मायने क्या हैं? प्रदेश में डेढ़ करोड़ जनजातीय वर्ग को साधने दोनों ही दलों की कवायद तेज है। एक दिन के ही अंतर से शिवराज सिंह चौहान व राहुल गांधी का मामा टंट्या भील की जन्म स्थली बड़ोद अहीर में पहुंचना बताता है कि 2023 का चुनाव पूरी तरह से जनजातीय वर्ग को साधने पर केन्द्रित है। शायद 2018 की पुनरावृत्ति दोनों ही दलों को स्वीकार्य नहीं होगी। मध्यप्रदेश में 80 से ज्यादा सीटें ऐसी हैं जहां आदिवासी मतदाता जीत-हार का फैसला करते हैं। बस देखना यही है कि इस कवायद में कौन कितना तेज दौड़ पाता है क्योंकि शिवराज सिंह चौहान जहां पहले ही शहडोल में 11 जिलों के लोगों के जरिए एक खास संदेश देकर अब मालवा व पश्चिम निमाड़ पर नजरें गड़ाए हुए हैं वहीं कांग्रेस केवल राहुल गांधी का पसीना बहाकर कितना फायदा ले पाती है?

लोकतांत्रिक व्यवस्था के लाट साहब ?

पेछले 8 वर्षों से राज्यपाल नए अधिकारों के ाथराज्यों की सत्ता को नियंत्रित करने का काम र रहे हैं। जो कार्य और अधिकार संविधान ने र्वाचित प्रतिनिधियों के लिए तय किए हैं। ाज्यपाल निर्वाचित मुख्यमंत्रियों के अधिकारों पर ंकुश लगाकर सत्ता ? सिंहासन में बैठना चाहते ें। जिसके कारण पिछले 8 वर्षों में भारत की ंघीय व्यवस्था के लोकतांत्रिक ढांचे में बड़ी दरारें देखने लगी हैं। अंग्रेजों के जमाने में लाट साहब ी भूमिका रियासतों को नियंत्रित करने की होती ी। अंग्रेजों के लाट साहब राजा-महाराजा और ियासतदारों द्वारा लिए गए निर्णय और उनके ामकाज पर नजर रखते थे। लाट साहब वही ाम करते थे जो ब्रिटेन में बैठे हुए उनके राजा चाहते थे। कुछ ऊसी तरह की स्थिति अब भारत में देखने को मिलने लगी है। राज्यपालों की नियुक्ति केंद्र सरकार करती है। राज्यों में नियुक्त राज्यपाल अब केंद्र के इशारे पर मुख्यमंत्रियों को नियंत्रित करने के साथ-साथ अब राजनीतिक गतिविधियों में भी खुलकर भाग ले रहे हैं। जिसके कारण राज्यों में राज्यपालों की भूमिका को लेकर आए दिन बवाल खड़े हो रहे हैं। जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वहां पर स्थिति दिनोंदिन खराब होती जा रही है। निर्वाचित मुख्यमंत्रियों और मंत्रिमंडल के निर्णय ? अधिकार को चुनौती देने जैसा है। राज्यों में राज्यपाल की भूमिका केन्द्र के इशारे पर अति ताकतवर बनाई जा रही है। यह चिंता का विषय है। सेवानिवृत्त राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इच्छा जताई थी कि राज्यपालों को लाट साहब का कल्चर खत्म कर लोगों के बीच में जाना चाहिए। सुनने में और समझने में यह अच्छा प्रतीत होता है। अंग्रेजों के समय के लाट साहब और स्वतंत्र भारत के राज्यपाल की भूमिका अलग अलग है। संबिधान में जिसकी जो जिम्मेदारी तय की गई है। उसके स्थान पर एक ऐसा व्यक्ति जिसकी नातो कोई जिम्मेदारी है। नाही वह जनता का प्रतिनिधित्व कर रहा है। नाही लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान ने उसे इस तरह के कोई अधिकार दिए हैं। पिछले कुछ वर्षों से कुछ राज्यों के - राज्यपाल राजनेताओं एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। जिन जनप्रतिनिधियों का चुनाव जनता ने लोकतांत्रिक पद्धति से किया है। जो जनता के प्रति जिम्मेदार हैं। जिसमें पंच सरपंच पार्षदविधायक सांसद आते हैं। यह संसद विधानसभा और स्थानीय संस्थाओं में नियम बनाते हैं। जनता के प्रति उनकी जवाबदेही तय होती है। हर 5 साल में इन्हें जनता के बीच में जाना होता है। सभी निर्वाचित प्रतिनिधि जनता से जुड़े हुए होते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के हाथ में ही सत्ता के सूत्र हैं। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत राज्यपाल की नियुक्ति प्रशासनिक कार्यों के लिए संवैधानिक दृष्टि से की जाती है। जिस तरह से प्रशासनिक अधिकारीराजनेताओं का काम नहीं कर सकते हैं। उसी तरह राज्यपाल को भी यह अधिकार नहीं होता है कि वह निर्वाचित मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्य कर सके। पिछले 8 वर्षों में इसी कारण राज्यपालों और कुछ राज्य सरकारों के बीच में टकराव दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है।अब नई भूमिका में राज्यपाल गांव-गांव में जाकर संवाद करने लगे हैं। सार्वजनिक कार्यक्रमों में राजनेताओं की तरह भाग लेने लगे हैं। राजनेताओं की तरह भाषण देने लगे हैं। केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्र की नीतियों और उनके राजनीतिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का काम राज्यपाल कर रहे हैं। इसके कारण संवैधानिक पद पर राज्यपाल की जो भूमिका निश्चित की गई थी। यह भूमिका विवादित हो रही है। पिछले वर्षों में संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोग संवैधानिक व्यवस्थाओं और अधिकारों को अपने अनुरूप बनाने के लिए तरह-तरह से परिभाषित करने लगे हैं। परंपराओं के स्थान पर अब नए नए विवादों का जन्म हो रहा है।लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह ठीक नहीं है। व्यवस्थाएं तभी तक सही चलती हैं। जब तक लोग एक दूसरे के अधिकारों का सम्मान करें।भारत की धार्मिक परंपरा एवं वैदिक दृष्टिकोण से ब्रह्मा विष्णु महेश तीनों शक्ति के अधिष्ठाता हैं। तीनों ही एक दूसरे की शक्तियों का सम्मान करते हैं। भारतीय लोकतंत्र में विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका सुनिश्चित की गई है। पिछले 7 दशक में इसमें तालमेल बना हुआ था। लेकिन अब यह टूटने की कगार की ओर चल पड़ा है। राज्यपाल की नियुक्ति संवैधानिक पद पर होने से कार्यपालिका के सर्वोच्च पद है। जब वह विधायिका के अधिकार लेने की कोशिश करते हैं। तभी विवाद की स्थिति बनती हैं।

भारत के संविधान को ही शक्ति का एकमात्र केंद्र मानता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

संविधान के प्रति नागरिक बोध ब? इसके लिए सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का आग्रह इतना अधिक है कि दिल्ली में आयोजित व्याख्यानमाला 'भविष्य का भारत' में दूसरे दिन अपने उद्बोधन के दौरान वे संविधान की प्रस्तावना को पूरा प?कर सुनाते हैं और फिर उस पर चर्चा करते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का प्रभावशाली सांस्कृतिक संगठन है। उसके विचार एवं गतिविधियों से समाज का मानस बनता और बदलता है। इसलिए अकसर विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा चलती है कि उन विषयों पर संघ का विचार क्या है? कई बार ऐसा भी होता है कि भारतीयता विरोधी और विदेशी विचार से अनुप्राणित समूह भी राष्ट्रीय प्रतीक और संघ के संदर्भ में मिथ्याप्रचार कर देते हैं। दोनों ही कारणों से बौद्धिक जगत से लेकर आम समाज में भी संघ के दृष्टिकोण को जानने की उत्सुकता रहती है। भारतीय संविधान भी ऐसा ही विषय है, जिस पर संघ के विचार सब जानना चाहते हैं। दरअसल, भारत विरोधी ताकतों ने अपने समय में यह मिथ्या प्रचार जमकर किया है कि आरएसएस संविधान विरोधी है? वह वर्तमान संविधान को खत्म करके नया संविधान लागू करना चाहता है। मजेदार बात यह है कि गोएबल्स की अवधारणा में विश्वास रखने वाले गिरोहों ने इस तरह के झूठ की बाकायदा एक पुस्तिका भी तैयार करा ली, जिस पर वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का चित्र एवं नाम प्रकाशित किया गया और लिखा गया था- नया भारतीय संविधान। संघ की ओर से इस दुष्प्रचार के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गई, उसके बाद से यह मिथ्या प्रचार काफी हद तक रुक गया। और भी अनेक प्रकार के भ्रम ख? करने के प्रयास संघ विरोधी एवं भारत विरोधी ताकतों की ओर से किए गए हैं लेकिन बिना पैर के झूठ संघ की प्रामाणिक एवं देशभक्त छवि के कारण समाज में टिकते ही नहीं हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अब तक की यात्रा देखकर यह कहने में कोई संकोच नहीं कि यह संगठन राष्ट्रभक्ति का पर्याय है। अपने राष्ट्र और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति संघ की पूर्ण निष्ठा एवं सम्मान है। संविधान के संदर्भ में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष पदाधिकारी अनेक बार सद्भावना प्रकट कर चुके हैं। वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने तो 19 जनवरी, 2020 को बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 'भविष्य का भारत÷ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दृष्टिकोण' विषय पर अपने व्याख्यान में स्पष्ट कहा है- ÷संघ का कोई एजेंडा नहीं है, वह भारत के संविधान को मानता है। हम शक्ति का कोई दूसरा केंद्र नहीं चाहते। संविधान के अलावा कोई शक्ति केंद्र होगा, तो हम उसका विरोध करेंगे÷। यानी संघ न केवल संविधान में पूर्ण विश्वास करता है अपितु उसके मुकाबले अन्य किसी व्यवस्था के खड़ा होने का विरोधी है। इससे अधिक स्पष्ट और मत क्या हो सकता है? इसी तरह वर्ष 2018 में 17 से 19 सितंबर तक इसी शीर्षक से आयोजित व्याख्यानमाला में उन्होंने कहा कि ÷हमारे प्रजातांत्रिक देश में, हमने एक संविधान को स्वीकार किया है। वह संविधान हमारे लोगों ने तैयार किया है। हमारा संविधान, हमारे देश की चेतना है। इसलिए उस संविधान के अनुशासन का पालन करना, यह सबका कर्तव्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसको पहले से मानता है÷। संघ के इतिहास में यह पहली व्याख्यानमाला थी, जिसमें सभी प्रकार की विचारधाराओं के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया था और उनके समक्ष संघ के सर्वोच्च अधिकारी ने अपना दृष्टिकोण रखा था। सरसंघचालक डॉ. भागवत न केवल यह बता रहे हैं कि संविधान के अनुशासन का पालन संघ पहले से करता आया है अपितु वे अन्य से भी आग्रह कर रहे हैं कि संविधान का पालन करना सभी अपना कर्तव्य समझें। नागरिक अपने संविधान के मर्म को जानें, इसके लिए सरसंघचालक आग्रह करते हैं कि हमें अपने बच्चों को जीवन के प्रारंभिक चरण में ही संविधान पड़ाना चाहिए। (हिन्दी मासिक पत्रिका - विवेक के साथ साक्षात्कारङ्ग 9 अक्टूबर, 2020)

संविधान के प्रति नागरिक बोध बड़े इसके लिए सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का आग्रह इतना अधिक है कि दिल्ली में आयोजित व्याख्यानमाला 'भविष्य का भारत' में दूसरे दिन अपने उद्बोधन के दौरान वे संविधान की प्रस्तावना को पूरा प?कर सुनाते हैं और फिर उस पर चर्चा करते हैं। बहरहाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिस विचार को लेकर 1925 से अब तक चला है, वही विचार संविधान के केंद्र में है- राष्ट्रीय एकात्मता। समाज में बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की भावना ब?, यही संविधान की उद्देशिका में है और यही संघ का उद्घोष है। यह बात हम सब भी जानते हैं और संघ भी मानता है कि भारत की संस्कृति हम सबको जो?ती है। इसलिए संघ भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की समाज में स्थापना के प्रयत्न करता है। भारतीय मूल्यों का अनुपालन जितना अधिक ब?गा, संविधान का उद्देश्य उतना ही अधिक पूर्णता की ओर ब?गा। इस संदर्भ में 9 जून, 2016 को नागपुर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग तृतीय वर्ष के समापन समारोह में डॉ. मोहन भागवत के संबोधन की इस बात को याद रखना चाहिए- ÷इस देश की संस्कृति हम सब को जो?ती है, यह प्राकृतिक सत्य है। हमारे संविधान में भी इस भावनात्मक एकता पर बल दिया गया है। हमारी मानसिकता इन्हीं मूल्यों से ओतप्रोत है÷। सरसंघचालक डॉ. भागवत यह भी याद दिलाते हैं कि हमने केवल राजनीतिक एवं आर्थिक समता प्राप्त करने के लिए संविधान का निर्माण नहीं किया। अपितु हमने 26 जनवरी, 1949 को अपने संविधान को इसलिए स्वयं को आत्मार्पित किया ताकि समाज में राजनीतिक और आर्थिक समता के साथ सामाजिक समता भी आए। इसलिए हमें संविधान के पूर्ण लक्ष्य की ओर ब?ना चाहिए। इस हेतु संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की चेतावनी का स्मरण कराते हुए 5 अक्टूबर, 2022 को विजयादशमी के उत्सव में सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा है- ÷संविधान के कारण राजनीतिक तथा आर्थिक समता का पथ प्रशस्त हो गया, परन्तु सामाजिक समता को लाये बिना वास्तविक एवं टिकाऊ परिवर्तन नहीं आयेगा, ऐसी चेतावनी पूज्य डॉ. बाबासाहब अंबेडकर जी ने हम सबको दी थी।

हमारा लक्ष्य क्या है, हम उस ओर कैसे आगे बढ़ सकते हैं, देश की नीतियां क्या होनी चाहिए? इन सब बातों को लेकर स्पष्टता प्राप्त करने के लिए भी सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संविधान के आश्रय में जाने का सुझाव देते हैं। नागपुर में होने वाले विजयादशमी के उत्सव में 3 अक्टूबर, 2014 को अपने संबोधन में उन्होंने कहा है- ÷ऐसी नीतियां चलाकर, देश के जिस स्वरूप के निर्माण की आकांक्षा अपने संविधान ने दिग्दर्शित की है, उस ओर देश को बढ़ाने का काम करना होगा÷। अकसर शासन-प्रशासन के किसी निर्णय या समाज में घटने वाली किसी घटना पर हम उतावलेपन में अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। कई बार ऐसा होता है कि उस प्रतिक्रिया से सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विरोध या आक्रोश व्यक्त करते समय राष्ट्रीय एकात्मता, पंथ, प्रांत, भाषा आदि विविधताओं का सम्मान बना रहे इसके लिए वे आग्रह करते हैं कि प्रतिक्रिया संविधान की मर्यादा के दायरे में रहे। इसके साथ ही 25 अक्टूबर, 2020 को विजयादशमी के अपने संबोधन में सरसंघचालक डॉ. भागवत ने संविधान का खोल ओड़ने वाले सियारों से भी सावधान किया है। वे कहते हैं- ÷दुर्भाग्य से अपने देश में इन बातों (राष्ट्रीय एकात्मता, पंथ, प्रांत, जाति, भाषा आदि विविधताओं) पर प्रामाणिक निष्ठा न रखने वाले अथवा इन मूल्यों का विरोध करने वाले लोग भी, अपने आप को प्रजातंत्र, संविधान, कानून, पंथनिरपेक्षता आदि मूल्यों के सबसे बड़े रखवाले बताकर, समाज को भ्रमित करने का कार्य करते चले आ रहे हैं। 25 नवम्बर, 1949 के संविधान सभा में दिये अपने भाषण में श्रद्धेय डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ने उनके ऐसे तरीकों को 'अराजकता का व्याकरण' कहा था। ऐसे छद्मवेषी उपद्रव करने वालों को पहचानना एवं उनके षड्यंत्रों को नाकाम करना तथा भ्रमवश उनका साथ देने से बचना समाज को सीखना पड़ेगा÷। संविधान को बचाने के लिए समाज में यह जागरूकता आवश्यक है कि वास्तव में संविधान एवं लोकतंत्र का विरोधी कौन है?

ब्रह्मज्ञान

हों तनाव से जब घिरे,
निराशा की खाई में अगर गिरे,
एकाग्रचित से करो प्राप्त ईश्वर ज्ञान,
करके शुद्ध आचरण रहे उन्नति का ध्यान,
ईश्वर के आगे कर खुद को समर्पण,
सत्यज्ञान से कर पूरे तर्पण,
बनकर बली गुणों को अपनाना,
ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर आनंद पाना।
उपकार से मिलेगी जीवन में कीर्ति,
होकर दृढ़ विश्वासी बाधाओं को चीरती,
ईश्वर के सूक्ष्म संगठन को जान,
कर्मों के भीतर परमेश्वर की महिमा जान,
बनेगा उपासना से उत्तम व्यवहार,
बढ़ेगा विद्या के कोष से परिवार,
किरणों सा रंग धरती पर फैलाना,
ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर आनंद पाना।
करके क्लेशों को दूर सुख भोग,
होकर परिपक्व मिटा सब रोग,
मन सम बेदी यज्ञकुंड सम बुद्धि,
पा अग्नि रूप ईश्वर से सुबुद्धि,
मान प्रतिष्ठा खूब कमाना,
विजयी पुरुषार्थ को नित अपनाना,
मनुष्य जन्म को सफल बनाना,
ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर आनंद पाना।
कर उत्तम कर्म और धर शुभ विचार,
खोखला करता सदा ही प्रतिकार,
कर्म से हमेशा उत्तम फल मिलता,
जितेंद्रिय विचारों से मधुर फल मिलता,
ईश्वरीय शक्ति का साक्षात जो करते,
ऐश्वर्य का ज्ञान वही प्राप्त करते,
जिसने गूढ़ रहस्य को जाना,
ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर आनंद पाना।
मन बुद्धि से उपकार जो करते,
पराक्रम से तेजस्वी तब हैं बनते,
उन्नति से आनंद भोगना ही है स्वर्ग,
प्रशस्त विज्ञानी बनकर मिटाओ दर्द,
विद्वान लोग ईश्वर की शक्ति पहचानते,
मति भ्रष्ट मनुष्य झगड़ा करना जानते,
किसी जीव को भूलकर भी न सताना,
ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर आनंद पाना।

- डॉ विनोद कुमार शर्मा
चंडीगढ़।

करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाली समिति को धान उपार्जन कार्य देने की तैयारी में जिला प्रशासन

समिति के कर्जदार किसानों का करीब तीस लाख रूपये का नहीं चढ़ाया कर्जा, कई किसानों का कर्जा ना चढ़ाकर अपने पक्ष में किया जा रहा समिति को उपार्जन कार्य दिये जाने संगठित, इन किसानों का ही कर्ज प्रबंधक द्वारा नही चढ़ाया कर्जा

पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर

ककरहटी। ककरहटी का धान उपार्जन कार्य एक बार फिर घोटाले वाजो के हाथ में जिला प्रशासन सौपने का मन बना चुका है! ककरहटी धान उपार्जन कार्य समिति से ना कराए जाने को लेकर क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जिला उपार्जन समिति पन्ना के अध्यक्ष कलेक्टर पन्ना एवं सचिव खाद् आपूर्ति अधिकारी सहित सहायक आयुक्त सहकारिता पन्ना को आवेदन पत्र देकर किसी अन्य संस्था/समिति/स्वा सहायता समूह से ककरहटी धान उपार्जन /खरीदी कराने मांग की है! लेकिन जिला उपार्जन समिति द्वारा यह जानते हुए भी ककरहटी प्राथमिक सहकारी समिति में अभी हाल ही में करोड़ों के हेराफेरी का आरोप सिद्ध है! इसके वावजूद धान उपार्जन का कार्य सौपे जाने की चर्चाए है!ककरहटी समिति में हाल ही में तीन दुकानों का नक्शा के बिपरीत निर्माण किया गया व बहुत ही गोपनीय व फर्जी तरीके से अपने पुत्र, व सगे संबंधियों को महज दो-दो लाख रूपये में आबंटन कर लिया जबकि इन दुकानों की खुली बोली हो तो 20-20 लाख रूपये प्रति दुकान अमानत राशि आएगी इस तरह करीब 50 -60 लाख रूपये का नुकसान समिति को पहुचाया गया है! और सहायक आयुक्त सहकारिता पन्ना एवं तहसीलदार देवेंद्रनगर द्वारा कराई गई जांच में दोशी सिद्ध हुए है! पिछले साल धान खरीदी में भी बड़ी मात्रा में धान के साथ बालू मिला कर बजन बढ़ाने व लक्ष्मी पुर बेयर हाउस में जमा की जा रही थी तभी वहा के सर्वेयर द्वारा इसका बीडियो बनाया था और शोसल मीड़िया सहित उपार्जन टीम के बाट्साप गुप में भी ड़ाला गया जिसके चलते पूरे जिला प्रशासन की जमकर किरकिरी हुई! इसी तरह समिति प्रबंधक द्वारा वर्ष 2017 में गेहूं उपार्जन में अपने पत्नी और सगे रिशतेदारो के नाम

फर्जी रूप से 600 कुंटल पोर्टल पर खरीदी दर्ज की थी और नान महाप्रबंधक द्वारा निरीक्षण के दौरान खरीदी केद्र चालू भी नही हुआ था ना ही साफसफाई हुई थी नाही सेंटर पर एक किलो भी गेहूं आनाज था जिसका सम्पूर्ण प्रतिवेदन नान महाप्रबंधक द्वारा कलेक्टर पन्ना को दिया था कलेक्टर कार्यालय में यह प्रतिवेदन खाना पूर्ति करने के वाद फाइलो में दफन हो गया और किसी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई ककरहटी समिति को घर की निजी सम्पत्ति की तरह उपयोग किया जा रहा है! अब एक बार जब किसानों ने किसी दूसरी समिति/या किसी समूह से ककरहटी उपार्जन कार्य करवाने की मांग की जा रही है! तो फिर सहायक समिति प्रबंधक ने अपना प्रभाव और किसानों को गुमराह करना प्रारंभ कर दिया गया है! जिन संगठित किसानों का समिति का कर्जा पंजीयनो में नही चढाया गया और धान उपार्जन कार्य करने के लिए पंजीयन बनाए गये है! एसे किसानों को कलेक्ट्रेट ले जाकर समिति को खरीदी दिए जाने की मांग की जा रही है!दोशी सिद्ध सहायक समिति प्रबंधक जनवरी में सेवा निवृत्त होने वालें है! यह धान खरीदी अंतिम कमाई का समय है!साथ ही पूर्व से भारी मात्रा मैं ब्यापार के उद्देश्य से पंजीयन किए गए है! जिसे छोड़ना नही चहते यही कारण है! स्वत- डीजल खर्चा कर किसानों को कलेक्ट्रेट समिति के पक्ष में भेजा जा रहा हैं।

इनका कहना है

खरीदी कार्य किसी अन्य समिति समूह से कराया जाए ताकि किसानों का शोषण ना हो धान खरीदी केद्र में ब्यापारीयो का जमावड़ा रहता है। और इनके ठीहा निर्धारित हो जाते है लगातार धान खरीद खरीद कर आती रहती है! और कांटा निरंतर इनके पास रहता है! इनसे कमीशन खरीदी वालो का रहता है!

राजकुमारी पांडे किसान

ककरहटी धान उपार्जन केद्र में पिछले साल गया था मेंने अपने पिता के नाम पर धान तुलाई थी तो मेरा कर्जा काट लिया था जब मेंने पहले से जमा पैसो की रशीद दिखाई तो भी मेरे पैसे नही दे रहे थे वाद में वापस किए साथ ही सहायक समिति प्रबंधक अर्मादित भाषा का प्रयोग करते है! इनको किसी भी हालत में उपार्जन का कार्य ना दिया जावे!

धीरेन्द्र पांडे
किसान

ककरहटी उपार्जन केद्र में मनमानी चरम पर रहती है! लगातार आठ वर्षो से यही लोग तुलाई में रहते है! जिला प्रशासन किसी अन्य कर्मचारी से काम कराए फोटो

लखन यादव
उपाध्यक्ष

सरकार बिजली कंपनियों की सगी है श्रमिकों की नहीं: माकपा

महेन्द्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजली टुडे



भिंड। प्रदेश की भाजपा की शिवराज सिंह चौहान सरकार एक बार फिर साबित करने जा रही है कि वह प्रदेश के उपभोक्ताओं को लूटने, जबरिया और फर्जी बिल वसूलने वाली बिजली कंपनियों की सगी है, पसीना बहाने वाले श्रमिकों की नहीं। इसीलिए तो श्रमिकों के कल्याण के लिए सुरक्षित 82 करोड़ रुपए की राशि को बिजली कंपनियों को सब्सिडी के रूप में उपहार स्वरूप भेंट करने जा रही है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने भिण्ड में पार्टी फण्ड अभियान की शुरुआत करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से कही है कि श्रमिकों के भविष्य को दांव पर लगाकर बिजली कंपनियों की तिजोरियां भरने की शिवराज सरकार की दूसरी हरकत है। करीब एक साल पहले दिसंबर2021 मे भी यह सरकार श्रमिक कल्याण कोष से 416.17 करोड़ रुपए बिजली कंपनियों को सब्सिडी के रूप में दे चुकी है। माकपा नेता ने कहा है कि इस कल्याण कोष से श्रमिकों के कल्याण की 15 योजनाएं चलती हैं। जिसमें दुर्घटना के दौरान की जाने वाली सहायता, मृत्यु उपरांत दी जाने वाली मदद, प्रसव के समय महिला श्रमिकों को दी जाने वाली सहयोग राशि, पेंशन, कर्ज के रूप में दी जाने वाली मदद के अलावा, श्रमिकों के बच्चों के विदेश में पढ़ाई के लिए दिया जाने वाला कर्ज भी शामिल है। जसविंदर सिंह ने कहा है कि जब श्रमिकों के हक पर डाका डाला जा रहा है तब खंभे पर चढ़कर नौटंकी करने वाले ऊर्जा मंत्री भी खामोश हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि चुनाव के समय चंदा तो इन्हीं बिजली कंपनियों से ही मिलता है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने शिवराज सिंह चौहान सरकार से श्रमिकों के हितों के साथ खिलवाड़ करने से बाज आने की मांग करते हुए कहा है कि यदि सरकार अपने बिजली कंपनियों के प्रेम से बाज नहीं आती है तो श्रमिकों को भी पूरी ताकत के साथ सरकार का विरोध करना चाहिए।

जन शिक्षा केंद्र स्तर पर की गई अकादमिक बिंदुओं पर चर्चा

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा
पुष्पांजलि टुडे की खबर

जन शिक्षा केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्र नगर में 3 जन शिक्षा केंद्र कन्या देवेंद्रनगर, जन शिक्षा केंद्र बिरवाही और जन शिक्षा केंद्र बालक देवेंद्र नगर की अकादमिक बिंदुओं पर चर्चा के लिए बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला परियोजना समन्वयक श्री अरविंद सिंह गौर, विकासखंड स्रोत समन्वयक श्री सहदीप शर्मा, विकासखंड अकादमिक समन्वयक श्री कुलदीप त्रिवेदी और प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र से जन शिक्षक, और तीनों जन शिक्षा केंद्र के विद्यालयों से प्रधानाध्यापक सम्मिलित हुए। बैठक में अकादमिक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए श्री अरविंद सिंह गौर डीपीसी ने कहा कि विद्यालय में प्राथमिक खंड में पढ़ने वाले प्रत्येक छात्र से हिंदी किताब पढ़ना ,लिखना, गणित में जोड़, घटाना, गुणा ,भाग प्रत्येक छात्र से बनना चाहिए। इसके लिए विद्यालय स्तर से जो भी प्रयास किए जाएं सभी शिक्षक करें। इसके लिए विद्यालय स्तर पर ही टीचिंग लर्निंग मैटेरियल का निर्माण किया जाए जिससे कि छात्रों को सीखने में ज्यादा मदद मिले। उन्होंने कहा कि एक महीने बाद फिर से सभी विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे और यदि विद्यालय में कमी पाई जाती है तो निश्चित ही शिक्षकों पर कार्यवाही की जाएगी । प्रत्येक शिक्षक प्रातः 10-30 से 4-30 बजे तक शाम विद्यालय में उपस्थित होकर शैक्षणिक कार्य करें। यदि कोई शिक्षक अनुपस्थित पाया जाता है तो उस पर कार्यवाही की जाएगी। विकासखंड स्रोत समन्वयक श्री सहदीप शर्मा द्वारा कहा गया कि विद्यालय में यदि बिजली और नल जल की समस्या है तो प्रधानाध्यापक जन शिक्षक के माध्यम से जानकारी बनाकर कार्यालय में जमा कर दें ताकि समस्याओं का समय से निराकरण किया जा सके। इसके अलावा विद्यालय स्तर पर जो भी ऑनलाइन गतिविधि संचालित है उनकी समस्या का समाधान श्री कुलदीप त्रिवेदी बीएसी द्वारा किया गया। इसी प्रकार जिले के 63 जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले 18 सौ विद्यालयों में प्रत्येक प्रधानाध्यापक से इन सभी बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। और आने वाली समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। श्री अरविंद सिंह गौर डीपीसी द्वारा इसके बाद शासकीय प्राथमिक शाला हिनौता का निरीक्षण भी किया गया श्री गौर द्वारा छात्रों की क्लास ली गई जहां पर बच्चों का शैक्षिक स्तर अच्छा पाया गया इसके लिए शिक्षकों की सराहना भी की गई।

पुलिस लाइन पन्ना के परेड ग्राउंड में आयोजित की गई जनरल परेड

पुलिस अधीक्षक पन्ना ने फैमिली क्वार्टर्स लाइन्स एवम पूरे पुलिस लाइन परिसर की स्वच्छता का किया निरीक्षण, ओ आर एवं गुजारिश कैंप में जवानों के प्रकरणों का किया निराकरण



पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार एवम शुक्रवार को जनरल परेड का आयोजन किया जा रहा है । इस परेड में जवानों में एकता और अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करने के साथ साथ शस्त्र कवायद को भी बेहतर बनाया जाता है। सप्ताह में दो बार आयोजित होने वाली इन परेड से ना केवल जवानों की नियमित फिटनेस बेहतर होती है बल्कि परेड के बाद ओ आर एवम गुजारिश कैंप में जवानों के लंबित प्रकरणों, अवकाश, गैरहाजिरी, वेतन, समयमान वेतनमान, निलंबन, सजा इनाम, स्थानांतरण आदि मामलों का पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल निराकरण किया जाता है तथा जवानों से प्रत्यक्ष संवाद भी स्थापित हो जाता है। इसके साथ ही साथ पुलिस लाइन स्थित विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों की देखरेख, भौतिक अवसंरचना रखरखाव एवम परिसर की स्वच्छता का भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मुआयना किया जाता है । हाल के दिनों में पन्ना पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली इस परेड में पुलिस अधीक्षक पन्ना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना एवम समस्त एसडीओपी साहिबान के लगातार भाग लेने से पुलिस बल के अनुसासन एवम समन्वय में गुणात्मक सुधार परिलाक्षित हुए हैं। आगामी माह में श्रीमान आईजीपी सागर ज़ोन सर का वार्षिक निरीक्षण भी प्रस्तावित है जिसकी तैयारियां भी पुलिस लाइन पन्ना के साथ साथ समस्त पुलिस थानों एवम चौकियों में देखी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा भी फैमिली क्वार्टर लाइन्स और पुलिस के कार्यालयों एवम अन्य क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए है।

जागपुर पुल की सफलता पर विधायक जायसवाल का अनेको पंचायतों के प्रमुखों ने किया अभिनदंन

अतिरिक्त कक्ष के बनने से किसानों को मिलेगा लाभ

वारासिवनी। सेवा सहकारी समिति जागपुर मे विधायक निधि से निर्मित अतिरिक्त कक्ष के भूमीपूजन समारोह मे मुख्य अतिथी के रूप मे विधायक प्रदीप जायसवाल अध्यक्ष खनिज विकास निगम शामिल हुये। इस अवसर पर जागपुर पुल निर्माण की सफलता के लिये विधायक को जागपुर, रेगांटोला, एकोडी, पिपरिया, भांडी, कासपुर आदि ग्रम पंचायतो के प्रमुखो ने बधाई भी प्रेषित कर सम्मान किया। ग्रम रेगांटोला मे भव्य कार्यक्रम मे गुडडा भैया के साथ विशेष रूप से पूर्व जप अध्यक्ष चिंतामन नगपुरे, हरीश नगपुरे पूर्व जिला पंचायत सदस्य, महेश बिसेन पूर्व सरपंच रेंगाटोला, गुरू प्रसाद हरिनखेडे पूर्व सरपंच एकोडी,धर्मचंद पटले पूर्व अध्यक्ष सोसायटी,भागचंद पटले सरपंच पिपरिया, लेखराम आमाडारे पूर्व सरपंच भांडी, सुरेन्द्र टेंभरे पूर्व जनपद सदस्य रेगांटोला, लेखराम कटरे जनपद सदस्य एकोडी, हेमलता चौहान सरपंच जागपुर, नंदलाल हनवत पूर्व सरपंच कासपुर, सुभाष पारधी किसान नेता आदि जंहा मंचासीन रहे वही कार्यक्रम को सफल बनाने मे सर्वश्री संतोष आडे संगठन मंत्री, रत्नेश मिश्रा का सोसायटी परिवार के साथ सक्रिय योगदान रहा।

राजनिती से परे हटकर करते है कार्य-कार्यक्रम को संबोधित करते हुये हरीश नगपुरे पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि अतिरिक्त कक्ष बनने से सेवा सहकारी समिति के संचालन मे सुविधा जायेगी। साथ ही अनेको ग्राम के किसानो का इसका लाभ भी मिलेगा। इसके पहले भी गुडडा भैया ने हैडपंप व बाउड्रींवाल बनाने का कार्य किया था। हम पिछले कई साल से देख रहे है, गुडडा भैया राजनिती से परे हटकर प्रत्येक व्यक्ति की मदद कर रहे है। जागपुर पुल निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिये हम सभी गुडडा भैया का हार्दिक अभिनंदन भी व्यक्त करते है।

नल जल योजना से पेयजल दिक्कत होगी दूर-महेश बिसेन पूर्व सरपंच रेंगाटोला ने कहा कि विधायक श्री जायसवाल ने अनेको सौगाते हमेशा दी है। उनके द्वारा ही नल जल योजना के माध्यम से पेयजल की दिक्कतो को दूर किया गया है। पानी की टंकी बन चुकी है और पाईप लाईन बिछाने का कार्य भी शुरू हो गया है।

घोषणाओ के बाद भी बालाघाट मे बूढी से कनकी का नही बन रहा पुल-विधायक प्रदीप जायसवाल ने मुख्य अतिथी के रूप मे कहा कि हमने पंचायत चुनाव मे राष्ट्रीय दलो के खिलाफ चूनाव लडा है। हमे जो वोट मिले है वह हमारे वोट है। हमारी लीडरशीप के वोट है। उसके बाद भी हमने नगर पालिका वारासिवनी व खैरलांजी मे जनपद पंचायत मे निर्दलीय सरकार बनायी है। क्षेत्र की जनता हमारे साथ है। हमारी जागपुर पुल की वित्तिय स्वीकृति की सफलता बालाघाट विधायक को पच नही रही है। जिस दिन से हमने प्रक्रिया शूरू की और वित्तिय स्वीक्रती मिलने तक कही कोई दावा उन्होने नही किया। जैसे ही पेपरो मे हमारी जानकारी जागपुर पुल निर्माण की आयी, दूसरे दिन उन्होने सन 2008 की घोषणा का हवाला दे दिया। बालाघाट विधायक इतने सक्रिय होते तो बूढी से कनकी का पुल कई घोषणाओ के बाद आज बन गया होता। जागपूर पुल निर्माण के सच को वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र की जनता जानती है।कार्यक्रम के पूर्व मे अनेको ग्रम पंचायतो के प्रतिनिधीयो व ग्रामीणजनो ने ग्रम की सीमा पर गुडडा भैया का आत्मिय स्वागत किया। साथ ही भूमीपूजन के दौरान नारे लगाकर अपनी खुशी का इजहार भी किया।

विकास कार्यो की समीक्षा बैठक 1 दिसम्बर को

पुष्पांजलि टुडे
जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति

पन्ना। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आगामी 1 दिसम्बर को विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे से होगी। अपर कलेक्टर जे.पी. धुर्वे ने सर्वसंबंधितों को बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने करवाया संविधान की प्रस्तावना का वाचन

पुष्पांजलि टुडे से
जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति

पन्ना। संविधान दिवस के मौके पर शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय परिसर में संविधान की सामूहिक प्रस्तावना का वाचन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश व प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ ने प्रस्तावना का वाचन करवाया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश आर.पी. सोनकर, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जे.के. राव तेलंग सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त संविधान दिवस पर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुरेशचन्द्र पाल के मुख्य आतिथ्य में शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना में निबंध प्रतियोगिता व विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जो जहां पर है, कर्तव्यों का पालन करना शुरू कर दे, तो हमें अधिकारों की प्राप्ति स्वमेव हो जाएगी। इस दौरान दायित्वों के बारे में जानकारी भी दी गई। साथ ही देश की भावी पीढ़ी से देश व स्वस्थ्य समाज के निर्माण में अपना सहयोग करने की अपेक्षा की गई। वर्ण व्यवस्था,

रू?िवादी परम्पराओं, आजादी के पूर्व से लेकर वर्तमान शिक्षा, विधि एवं भारतीय संविधान के निर्माण संबंधी विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। देश के संविधान निर्माण के लिए संविधान सभा के सदस्यों के कार्यों व सहयोग को सदैव याद रखने के लिए प्रेरित भी किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को विस्तार से समझाया। साथ ही प्रस्तावना को पढ़ने और संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण समाज में अंतिम छोर के व्यक्ति को न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संविधान दिवस के विशेष अवसर पर स्कूल में ''मूल अधिकार एवं कर्तव्य-सिक्के के दो पहलू'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। छात्र देवेन्द्र, छात्रा हर्षिता वर्मा व छात्र ज्ञानेन्द्र कुमार कोरी द्वारा प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में निजी एनजीओ द्वारा अतिथियों को संविधान की प्रस्तावना की प्रति भेंट की गई। विद्यालय के प्राचार्य जयकरण पटेल द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

नोडल अधिकारी नियुक्त

पुष्पांजलि टुडे से
जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति

पन्ना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय कुमार मिश्र ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 में मतदाता सूची में पिछ?ी जनजातियों के शत प्रतिशत नाम दर्ज कराने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है। जिला संयोजक आर.के. सतनामी को विशेष पिछड़ी जनजातियों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने संबंधी संपूर्ण कार्यवाही के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशों के क्रियान्वयन उपरांत प्रमाण पत्र भेजने के लिए निर्देशित किया गया है।

शासकीय अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल 117 वें दिन भी जारी रहा

कैलारस। नगरीय क्षेत्र में ब्रॉडगेज के निर्माण कार्य में परंपरागत आवागमन के रास्तों को भी बंद किया जा रहा है। शासकीय अस्पताल के सामने गत 50 वर्षो से जारी परंपरागत रास्ते को बंद किया जा रहा है। हजारों आवादी के सामने आने जाने का संकट खड़ा हो गया है। नागरिक लगातार मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आज 117 वें दिन नागरिकों का आंदोलन जारी रहा। नागरिक भूख हड़ताल पर बैठे। आज कृमिक भूख हड़ताल पर बैठने वालों में सर्वश्री रतनलाल शाक्य, भौरू शाक्य, समीर ख़ान, रामदयाल जाटव, मिथुन जाटव, आदि बैठे।

डोनाल्ड ट्रंप पर नए कानून के तहत रेप का मुकदमा

न्यूयॉर्क। संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पत्रकार और लेखिका ई. जीन कैरोल ने यौन हमले और मानहानि का मुकदमा दायर किया है. ये मुकदमा न्यूयॉर्क में गुरुवार से लागू यौन अपराधों से जुड़े नए कानून के तहत दायर किया गया है. इस कानून के तहत यौन अपराधों से जुड़े मामलों में मुकदमा दायर करने के लिए एक साल की समय-सीमा खत्म कर दी गई है. अब पीड़ित काफी पहले हुए यौन अपराध का मुकदमा भी दायर कर सकता है. इसी कानून का सहारा लेते हुए कैरोल ने 1990 के दशक में हुए कथित यौन हमले पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ मुकदमा दायर किया है. पांच बिंदुओं में जानते हैं कि मामला कब का है और डोनाल्ड ट्रंप ने पहले इस पर क्या कहा था। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 78 वर्षीय ई. जीन कैरोल ने न्यूयॉर्क में लागू नए वयस्क उत्तरजीवी कानून के तहत मैनहट्टन संघीय अदालत में पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. मुकदमे में पिछले महीने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कैरोल के बारे में ट्रंप की अभद्र टिप्पणियों के खिलाफ मानहानि का एक नया मामला भी शामिल है. लेखिका का इसी अदालत में ट्रंप के खिलाफ मानहानि का पहले से एक मुकदमा चल रहा है. यह मामला 2019 में बलात्कार का सार्वजनिक आरोप लगाने के बाद व्हाइट हाउस से ट्रंप की प्रतिक्रिया के खिलाफ है. ट्रंप के खिलाफ जीन कैरोल का मानहानि से जुड़ा पहला मामला खारिज हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी सरकार का हिस्सा होते हुए ट्रंप को मानहानि के दावों से संप्रभु प्रतिरक्षा का अधिकार मिला हुआ था. हालांकि हाल ही में दर्ज मुकदमा इस अधिकार क्षेत्र में नहीं आएगा, क्योंकि ट्रंप अब सरकार का हिस्सा नहीं हैं और एक आम नागरिक हैं. गुरुवार को लागू नए कानून ने यौन अपराधों से जुड़े मामलों में मुकदमा दायर करने की एक साल की समय सीमा खत्म कर दी है. इस तरह अब यौन अपराध पीड़ित कथित दुराचारियों पर बहुत समय पहले पेश आए अपराध का भी मुकदमा दर्ज करा सकते हैं. 76 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बलात्कार का आरोप खारिज करने के साथ ही घटना के समय कैरोल से परिचित होने से भी इंकार किया था. उनका कहना था कैरोल मेरे प्रकार की नहीं हैं. 2019 में ट्रंप ने सबसे पहले कैरोल के दावे को खारिज किया था और उस वक्त वे अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति बतौर देश को सेवाएं दे रहे थे. इसके पांच महीने बाद कैरोल ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था. ट्रंप ने फिर अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल में कैरोल के आरोपों का खंडन करते होते उसे प्रपंच और झूठ करार दिया था.

16 साल के स्टूडेंट की अंधाधुंध गोलीबारी में 3 की मौत, कई घायल

नई दिल्ली। ब्राजील के एस्पिरिटो सैंटो स्टेट में एक 16 साल के स्टूडेंट ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी. इस स्टूडेंट ने दो स्कूलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें टीचर समेत 3 लोगों की मौत हो गई. तो घायलों की संख्या शुरुआत में 8 बताई जा रही थी, जो बढ़कर 11 तक पहुंच गई. जानकारी के मुताबिक, ब्राजील के एस्पिरिटो स्टेट के अराक्रूज शहर में 16 साल के इस स्टूडेंट ने जब हमला किया, तो वो नकाब पहने हुए था. वो सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल लिये हुआ था. इस हमले के बाद छात्र फरार हो गया. वो बुलेटप्रूफ जैकेट भी पहने हुआ था. इस गोलीबारी में एक नहीं, बल्कि 2 टीचर मारे गए हैं. इसके साथ ही 1 स्टूडेंट की भी मौत की खबर है. ये दोनों स्कूल एक ही सड़क पर दोनों किनारे पर स्थित हैं. इस मामले में एस्पिरिटो सैंटो के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने वीडियो भी जारी किया है. जिसमें लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है. बता दें कि ब्राजील इस समय राजनीतिक उठापटक के दौर से गुजर रहा है. यहां चुने गए राष्ट्रपति अभी तक शपथ नहीं ले पाए हैं और निवर्तमान राष्ट्रपति ने चुनावी नतीजों को मानने से इनकार कर दिया है और अब तक गद्दी नहीं छोड़ी है.

राष्ट्रपति विडोडो: बेल्ट एन्ड रोड का उन्नयन विश्व को शांति व समृद्धि

बीजिंग। 16 नवंबर, 2022 को, इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो के निमंत्रण पर, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने जोको विडोडो के साथ वीडियो के माध्यम से जकार्ता-बांडुंग हाई-स्पीड रेल परीक्षण के साक्षी बने. यह दक्षिण-पूर्व एशिया का पहला हाई-स्पीड रेल मार्ग है, जो इंडोनेशिया में बहुत प्रसिद्ध है. उसी समय, चीन और इंडोनेशिया द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित बेल्ट एंड रोड के एक सफल अभ्यास के रूप में, जकार्ता-बांडुंग हाई-स्पीड रेल बेल्ट एंड रोड के निर्माण में विभिन्न पक्षों की उपलब्धियां, उभय-जीत विकास प्राप्त करना और स्थानीय जनता को लाभ का भी एक महत्वपूर्ण संकेतक बन जाएगा. नौ वर्षों पहले शी चिनफिंग ने सबसे पहले इंडोनेशिया में 21वीं शताब्दी समुद्रीय रेशम मार्ग का निर्माण करने की पहल पेश की. और कुछ समय पहले चीन और इंडोनेशिया बाली द्वीप में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में एकमत होकर इस बात से सहमत हैं कि अगले वर्ष चीन व इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदार संबंधों की स्थापना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर सहयोग के उच्च-स्तरीय नये पैर्टन का निर्माण किया जाएगा.

अभी-अभी समाप्त एपेक नेताओं के अनौपचारिक सम्मेलन में राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने यह घोषणा की कि चीन अगले वर्ष तीसरे बेल्ट एन्ड रोड अंतर्राष्ट्रीय सहयोग शिखर मंच का आयोजन करेगा. बेल्ट एन्ड रोड से जुड़ी खबर बार-बार आयी है, जो एशिया प्रशांत व पूरी दुनिया के आर्थिक पुनरुत्थान को ज्यादा आशा व शक्ति देगा.

एक नजर...

समस्तीपुर में हाइवा और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर, माले नेता की हुई मौत

समस्तीपुर से एक खबर सामने आ रही है, जहां जिले के पूसा थाना क्षेत्र के विरौली गांव के पास ऑटो और हाईवा के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई. बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना में गायक मंडली के एक कलाकार और माले नेता की मौत हो गई. वहीं पांच अन्य कलाकार भी घायल हो गए. मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पोखरैरा गांव निवासी माले कार्यकर्ता व पूर्व सरपंच रामचंद्र पासवान, थाना क्षेत्र के सिंघिया खुर्द निवासी अरुण राय के रूप में की गई है. घायलों में पोखरैरा गांव के शंभू राय पारखी पंडित, माधवपुर के राजेश राम, गरुआरा गांव निवासी ऑटो चालक उपेंद्र राम और कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जितवरिया निवासी उमेश गिरी के रूप में हुई है. सभी घायलों को शहर के एक निजी क्लीनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. वहीं इस घटना के बारे में बताया जा रहा है कि रात के करीब 3ः00 बजे पोखरैरा की कीर्तन मंडली मुजफ्फरपुर के बैरिया से एक कार्यक्रम समाप्ति के बाद समस्तीपुर वापस लौट रही थी. इसी दौरान बिरौली चौक के पास पूसा की ओर से आ रही एक हाईवा से जोरदार टक्कर हो गई. घटना में मंडली में शामिल माले कार्यकर्ता रामचंद्र पासवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से जख्मी अरुण राय की पटना ले जाने के दौरान मौत हुई. घटना की सूचना पर मुफस्सिल पुलिस मौके पर पहुंच मृतक को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

शराबबंदी कानून को अवसर में बदलने वाले 3 ब्लैकमेलर गिरफ्तार

बिहार में शराबबंदी कानून लागू है और पुलिस व उत्पाद विभाग की टीम मिलकर शराब तस्करों की कमर तोड़ने का काम कर रही है लेकिन कुछ ऐसे भी पुलिसकर्मी हैं जो शराबबंदी कानून को अपने लिए अवसर मानते हैं. ऐसे ही तीन पुलिसकर्मियों को मधुबनी जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्त में आए पुलिसकर्मियों की पहचान उत्पाद विभाग में तैनात स्ढ्ढ प्रवीण सत्ययार्थी, मुन्ना कुमार, व्यंकटेश कुमार सिंह के रूप में हुई है. इनके अलावा इनके वाहन चालक श्याम कुमार व एक अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के मुताबिक, प्रवीण सत्ययार्थी, उत्पाद विभाग में तैनात स्ढ्ढ मुन्ना कुमार, व्यंकटेश कुमार सिंह रात्रि के अंधेरे में हाई प्रोफाइल लोगों के वाहन चेकिंग के बहाने रोकते थे और चेकिंग के दौरान उनके वाहनों में शराब की बोतले रख देते थे और उसकी वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कर लेते थे. इसके बाद शुरू होता था ब्लैकमेलिंग का खेल. तीनों आरोपी पुलिसकर्मी उस हाई प्रोफाइल शख्स से पैसे की डिमांड करते थे और मोटी रकम लेकर उसकी जान छोड़ते थे. लोग आरोपी पुलिसकर्मियों की मांग अपनी बदनामी होने व जेल जाने के डर से पूरी करते रहते थे.

भागीरथ पैलेस हादसा: हैंगिंग वायर के समाधान के लिए समिति गठित की

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने शनिवार को चांदनी चौक के भागीरथ पैलेस बाजार का दौरा किया, जहां भीषण आग लग गई थी और दर्जनों दुकानें राख हो गई. मौके का दौरा करने के बाद एलजी सक्सेना ने कहा कि हैंगिंग वायर, ओवरलोडेड सर्किट और इलाकों की पुरानी इमारतों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल करने के तरीकों और साधनों पर गौर करने के लिए एक बहु-अनुशासनात्मक समिति का गठन किया गया है. दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने शनिवार को चांदनी चौक के भागीरथ पैलेस बाजार का दौरा किया, जहां भीषण आग लग गई थी और दर्जनों दुकानें राख हो गई. मौके का दौरा करने के बाद एलजी सक्सेना ने कहा कि हैंगिंग वायर, ओवरलोडेड सर्किट और इलाकों की पुरानी इमारतों के मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल करने के तरीकों और साधनों पर गौर करने के लिए एक बहु-अनुशासनात्मक समिति का गठन किया गया है. एलजी सक्सेना ने ट्वीट में कहा, भागीरथ पैलेस, चांदनी चौक में आग लगने वाली जगह का दौरा किया, जहां अभी कूलिंग का काम चल रहा है. लटकते तार, ओवरलोडेड सर्किट, पुरानी इमारतें, पानी की कमी और संकरी गलियां, ऐसे क्षेत्र खतरनाक रूप से आग की चपेट में हैं. अगले ट्वीट में उन्होंने कहा, चांदनी चौक, सदर बाजार, पहाड़ गंज आदि क्षेत्रों में निवासियों और अन्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के तरीकों और साधनों को देखने के लिए एक बहु-अनुशासनात्मक समिति का गठन किया है और 30 दिनों के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे. घटना गुरुवार रात 9.19 बजे की बताई गई है. अग्निशमन विभाग के अनुसार महालक्ष्मी बाजार में एक दुकान में आग लग गई और जल्द ही बिजली के उपकरणों की बगल की दुकानों में फैल गई.

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर दिखा रफ्तार का कहर

जालौन। उत्तर प्रदेश के जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर तीन तेज रफ्तार ट्रकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें आगे पीछे चल रहे ट्रक बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गए। वहीं, हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर घायल हुए हैं। कंडक्टर को क्रेन मशीन की मदद से बाहर निकाला गया। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें उपचार के दौरान चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल, पूरा मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के 195 किमी का है। यहां पर एक्सप्रेसवे पर डस्ट लेकर जा रहे एक डंपर की टक्कर आलू से लोड ट्रक से हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार की डंपर के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य चलाया, लेकिन इलाज के दौरान डंपर चालक की मौत हो गई। एक्सप्रेस पर तेज रफ्तार दौड़ रहे ट्रक और डंपर की जोरदार भिड़ंत हुई। पीछे से आ रहे तीसरे ट्रक की भी टक्कर हो गई, लेकिन डंपर डिवाइडर पर जा चढ़ा। घटना की सूचना पर पुलिस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद क्रेन मशीन की मदद से लोगों को निकाला गया। इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन चालक की इसमें दर्दनाक मौत हो गई।

डॉक्टरों का देसी जुगाड़ कहीं मरीजों की जान पर न बन आए

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल के वार्डों की दशा दयनीय है। वार्डों के छत का प्लास्टर जगह-जगह उखड़ कर नीचे गिर रहा है, जिससे वहां भर्ती मरीजों और तीमारदारों की जान सांसत में है। मरम्मत की उम्मीद न देखकर अधिकारियों ने जुगाड़ लगाते हुए वार्ड में जगह-जगह हरे रंग की जाली लगा दी है, ताकि प्लास्टर उखड़ कर जाली पर गिरे और मरीज को चोट न लगे। यह जुगाड़ देख लोग हैरान हैं, क्योंकि करोड़ों की लागत से मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, लेकिन जहां मरीज भर्ती हैं उधर किसी का ध्यान नहीं है। देवरिया में मेडिकल कॉलेज निर्माण की घोषणा होने पर जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध कर दिया गया। जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। प्रशासनिक बिल्डिंग का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। अब वार्डों और ट्रामा सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। वार्डों का निर्माण पूरा न होने के चलते जिला अस्पताल के पुराने वार्डों में मरीजों को भर्ती किया जा रहा है,

लेकिन वार्डों की मरम्मत न होने से पूरी तरह खस्ताहाल हो गए हैं। सबसे खराब दशा पुरुष सर्जिकल वार्ड नंबर दो की है। इस वार्ड की छत में जगह-जगह दरार पड़ गई है। प्लास्टर टूटकर नीचे गिर रहा है, जिससे ईंट और सरिया दिखाई दे रही है। लगभग 3 माह पहले प्लास्टर टूटकर गिरने से एक मरीज का तीमारदार गंभीर रूप से घायल हो गया था, लेकिन उसके बाद भी वार्डों की मरम्मत के लिए किसी का ध्यान नहीं गया। मरीजों और तीमारदारों की नाराजगी पर जिला अस्पताल के जिम्मेदारों ने वार्ड में हरे रंग का नेट लगा दिया है, ताकि छत का प्लास्टर गिरे तो नेट पर ही रह जाए। मरीज के ऊपर न गिरने पाए।

देवरिया मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण 1952 में किया गया था। यहां देवरिया और कुशीनगर के अलावा पड़ोसी राज्य बिहार से भी काफी संख्या में मरीज आते हैं। जिसकी वजह से रोजाना मरीजों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन अस्पताल के वार्डों की हालत देखकर मरीज और तीमारदार दोनों भयभीत हैं। वहीं, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मिश्र ने बताया कि बिल्डिंग पुरानी होने के चलते प्लास्टर गिर रहा है। नई बिल्डिंग का निर्माण शीघ्र ही पूरा हो जाएगा और सभी मरीजों को वहां शिफ्ट किया जाएगा।

नोएडा में नहीं रुक रहा लिफ्ट में कुत्तों का हमला

नोएडा। प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद भी कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कोई न कोई कुत्तों के हमले की घटना सामने आ ही जाती है। अब ऐसे में नोएडा के सेक्टर-168 स्थित द गोल्डन पाम हाउसिंग सोसायटी के लिफ्ट में 2 बच्चों पर एक पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया। हालांकि, पालतू कुत्ते के हमले में बच्ची तो घायल नहीं हुई, लेकिन कुत्ते के मालकिन ने लिफ्ट को रोककर दोनों बच्चों को लिफ्ट से बाहर निकाल दिया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जानकारी के मुताबिक, नोएडा के थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-168 स्थित द गोल्डन पाम सोसायटी की लिफ्ट में शुक्रवार रात करीब 8ः30 बजे दो बच्चे लिफ्ट से जा रहे थे, तभी लिफ्ट रुकती है और उस लिफ्ट में एक महिला अपने पालतू कुत्ते के साथ

लिफ्ट के अंदर आती है। पालतू कुत्ता लिफ्ट के अंदर उन दोनों बच्चों पर हमला कर देता है। हमले में बच्चों को कुछ नहीं होता है, लेकिन महिला लिफ्ट को रोककर उन दोनों बच्चों को लिफ्ट से बाहर निकाल देती है और खुद कुत्ते के साथ लिफ्ट के अंदर चली जाती है। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाती है। जिसके बाद बच्चों के घर वालों को सारी घटना के बारे में पता चलता है। हालांकि, किसी ने भी इस मामले को लेकर कोई शिकायत नहीं दी है, लेकिन सोसायटी में फिर भी कुत्तों के आतंक को लेकर डर का माहौल बना है। डॉग बाइट के मामले और विवाद को देखते हुए अथॉरिटी ने डॉग पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार करवाया था। इसको भी बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। अगर किसी का पालतू कुत्ता किसी को काट लेता है। ऐसी स्थित में कुत्ता पालने वाले पर 10 हजार रुपये का जुर्माना अथॉरिटी लगाएगी। साथ ही इलाज करवाने की जिम्मेदारी भी कुत्ता पालने वाले की होगी। एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए नोएडा अथॉरिटी ने नीति का निर्धारण किया है।

मेरठ की सड़कों पर उछलकूद करते दिखा सांभर हिरण

मेरठ- उत्तर प्रदेश के मेरठ में खत्म होते जंगल के कारण अब वन्यजीव शहरी इलाकों में प्रवेश कर रहे हैं। शुक्रवार दोपहर ढाई बजे एक सांभर हिरण माल रोड से कुलांचे भरता हुआ कमिश्नरी कार्यालय के सामने पहुंच गया। रास्ते में वाहनों के टकराने से चोटिल भी हो गया। सांभर नगर आयुक्त के आवास के पास मंडराने लगा। उसे व्यस्त सड़क पर उछलकूद करते देख लोगों की भीड़ लग गई। वह पास ही पानी की टंकी के परिसर में एक घर में घुस गया, फिर वहां से निकल नगर निगम के एक कर्मचारी के मकान में घुस गया। जहां से बड़ी मुश्किल से काबू में किया गया। सांभर माल रोड से भागता हुआ कमिश्नरी चौराहा पहुंचा। टंकी परिसर में नगर निगम के जलकल विभाग के कर्मचारी तिलक राम और राकेश परिवार सहित रहते हैं। वही पर रहने वाले दीपक ने बताया कि जिस समय सांभर घर में घुसा, उस समय वे गाय को चारा दे रहे थे। परिवार के सदस्य टीवी देख रहे थे। सांभर को देखते ही घर के सदस्यों ने डर के मारे कमरे के दरवाजे बंद कर लिए। सांभर बुरी तरह हांफ रहा था। उसका मुंह और पैर चोटिल था। सूचना पर पुलिस और डीएफओ कार्यालय में मौजूद वन विभाग की टीम पहुंची। वनकर्मी गुलशन, सुरेश शर्मा, गौरव, गोपाल आनन-फानन में पास स्थित रेंज कार्यालय से जाल ले आए और पूरे परिसर को घेर लिया। पास आने पर सांभर उछलकूद रहा था। दीपक ने बताया कि उसे पानी और चारा दिया। करीब सवा घंटे बाद वन रेंजर विधान सिंह और मोहन सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सांभर के पैर बांधकर उसे काबू में किया गया।

बीजेपी नेता के भाई की शादी में बुलाई गईं रशियन डांसर

कानपुर। यूपी के कानपुर में हर्ष फायरिंग में बाउंसर की मौत की घटना सामने आई है। शुक्रवार को बीजेपी नेता के भाई की शादी थी। जानकारी के मुताबिक, शादी समारोह में रशियन डांसरों को बुलाया गया था। डांसरों की सुरक्षा के लिए बाउंसरों को लगाया गया था। शादी समारोह में की गई हर्ष फायरिंग से बाउंसर के सिर में गोली लगने से मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं, बाउंसर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस ने बीजेपी नेता रामजी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। रेलबाजार थाना क्षेत्र स्थित मीरपुर कैंट में रहने वाले मोहम्मद सादिक (35) जिम संचालक हैं। इसके साथ ही बाउंसर का भी काम करते थे। सादिक पत्नी आसमां, दो बेटियां आरफा, आयरा और छोटे भाई शाहिद के साथ रहते थे। पिता गुलजार मोहम्मद की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी सादिक के कंधों पर थी। सादिक की मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। बीजेपी युवा मोर्चा के पूर्व कोषाध्यक्ष रामजी गुप्ता के भाई रजत गुप्ता की एक गार्डन से शादी थी। बीजेपी ने एक एजेंसी के जरिए चार बाउसंरों को हायर किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, सादिक के साथ चार बाउंसर हिमांशू, नसीम, अरबाज, अम्मार को रशियन डांसर की सुरक्षा में लगाया गया था। शादी में हर्ष फायरिंग के दौरान सादिक के सिर में गोली लग गई। सदिग फर्श पर गिर पड़े। खून निकलता देख बाउंसर को हैलट अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने सादिक को मृत घोषित कर दिया।

भाजपा ने बड़े-बड़े बाहुबलियों का बाहुबल किया है खत्म

मुजफ्फरनगर- उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई बाहुबली नहीं है, क्योंकि भाजपा ऐसे बाहुबलियों का बाहुबल खत्म करना जानती है। उन्होंने कहा कि रही गठबंधन प्रत्याशी की बात तो उसे भाजपा के नंदकिशोर गुर्जर लगातार दो बार से लोनी विधानसभा में हरा रहे हैं, जिसके चलते वह भागकर खतौली आए हैं और यहां पर भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी से हारकर जाएंगे। खतौली विधानसभा में चल रहे उपचुनाव में सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी गठबंधन के बीच जमकर रस्साकसी चल रही है। इस सीट को जीतने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है और यहां पर भाजपा के वीआईपी नेताओं ने डेरा डालकर जनता के बीच पहुंच गए हैं। भाजपा प्रत्याशी के लिए जहां केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान द्वारा जमकर चुनाव प्रचार किया जा रहा है तो वहीं राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के अलावा सभी बिरादरी से जुड़े नेताओं को मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा में उतारा जा रहा है। गुर्जर बिरादरी के लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और एमएलसी विरेन्द्र सिंह ने यहां आकर गुर्जर वोटरों को साधने का काम किया तो वहीं पिछड़ों को साधने के लिए शुक्रवार को यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भेजा गया।

हारना मदन भैया का मुकद्दर- केशव-केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गठबंधन ने जिस प्रत्याशी को खतौली में उपचुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया है, उसे भाजपा द्वारा लगातार हराया जा रहा है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा इस प्रत्याशी को दो बार हराया गया है और अब यह खतौली में भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी से हारने के लिए आया है।

अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण काम कहां तक पहुंचा

अयोध्या में भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण तेजी से पूरा किया जा रहा है। कोशिश है कि दिसंबर 2023 के पहले ही मंदिर के ग्राउंड फ्लोर का निर्माण पूरा कर लिया जाए। गर्भगृह के परिक्रमा मार्ग पर खड़े हुए पिलर के निर्माण को दिखाया गया है। राम मंदिर का निर्माण तेजी से पूरा करने में मंदिर निर्माण में लगी कार्यदाई संस्थाएं जुटी हैं। कोशिश हो रही है कि दिसंबर 2023 के पहले ही मंदिर के ग्राउंड फ्लोर का निर्माण पूरा कर लिया जाए। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंदिर निर्माण की प्रगति की तस्वीरें शुक्रवार को रिलीज की हैं, जिसमें गर्भगृह के परिक्रमा मार्ग पर खड़े हुए पिलर के निर्माण को दिखाया गया है। राम मंदिर के निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि रामलला के गुण मंडप और रंग मंडप के दीवार निर्माण कार्य लगभग पूरा हो रहा है। राम मंदिर की फर्श में लगने वाले संगमरमर के पत्थर भी तैयार हैं, जिन्हें मंदिर की छत लगने बाद लगाया जाएगा। पिलर निर्माण के बाद भव्य मंदिर की छत का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र ने बताया कि अब पिंक सैंड स्टोन से तैयार मंदिर के पिलर को खड़ा करने का काम भी शुरू हो गया है, जो आगे के दिनों में पूरी मंदिर के फर्श पर खड़े दिखाई देंगें। उन्होंने बताया कि मंदिर के ग्राउंड फ्लोर में 161 पिलर लगने हैं, जो बेहद खूबसूरत डिजाइन के हैं। वहीं, गर्भगृह में लगने वाले पिलर संगमरमर के हैं। चूंकि गर्भगृह अष्टकोणीय है, इसलिए इसमें 8 संगमरमर के पिलर लगेंगे। डॉक्टर मिश्र के मुताबिक मंदिर में लगने वाले साढ़े 4लाख घनफुट पत्थर खूबसूरत डिजाइन में तराशे जा रहे हैं। जिसमें 80 फीसदी तैयार है, बाकी निर्माण के साथ तैयार होते रहेंगे।

जब आलिया भट्ट लोगों से मिल रही अटेंशन से हो गई थीं परेशान

गंगूबाई काठियावाड़ी फेम आलिया भट्ट को अपने करियर के शुरुआती दिनों में लोगों की तरफ से काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा है. लोगों का कहना था कि एक्ट्रेस फिल्मी दुनिया के लायक नहीं हैं. लेकिन एक्ट्रेस ने खुद में और अपनी एक्टिंग में पॉजीटिव सुधार कर सबके सामने खुद को साबित कर दिया है. हालांकि, उनकी जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था, जब वो काफी घबरा गई थी. इस दौरान का एक्सपीरियंस एक्ट्रेस ने खुद साझा किया है. साथ ही आलिया ने बताया कि उन्होंने इस स्थिति में खुद को कैसे संभाला. आलिया ने कहा, ÷ऐसे समय होते हैं, जब आप अपनी जिंदगी में चारों ओर से मिल रही अटेंशन और बातचीत से थोड़ा घबराया हुआ महसूस करते हैं. लेकिन मुझे खुद से केवल एक ही बात कहनी थी कि मैं जानती हूं कि मैं एक एक्टर बनना चाहती हूं और इसमें अच्छा करना चाहती हूं, ऐसा करके फेमस होना चाहती हूं. तब आप इसके साथ आ रही कीमत अदा नहीं करना चाहते हैं. बीच में ऐसा समय भी होगा, जब मैं गायब होना चाहूंगी. इस अटेंशन से और लाइमलाइट से भी बहुत सारी अच्छी चीजें होती हैं. एक्ट्रेस आगे कहती हैं, मैंने 17 साल की उम्र में इंडस्ट्री में कदम रखा और इस उम्र में आप अपने आस-पास बातचीत सुनते हैं कि आपको किस तरह दिखना चाहिए. मेरे शरीर और मेरे वजन को लेकर इसने मुझ पर थोड़ा असर डाला. इसमें मुझे बहुत मेहनत करनी पड़ी है, लेकिन इस मामले में मैं अब तक की सबसे अच्छी स्थिति में हूं. आपको बता दें कि एक्ट्रेस ने ये बातें अपनी प्रेग्नेंसी से पहले एक मीडिया वेबसाइट से बातचीत में कही थी. आपको बताते चलें कि आलिया आज उस लेवल पर पहुंच गई हैं कि बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्में तो कर ही रहीं हैं. इसके साथ ही वो जल्द ही हॉलीवुड इंडस्ट्री में भी डेब्यू करने के लिए तैयार हैं. एक्ट्रेस आने वाले दिनों में हार्ट ऑफ स्टोन में दिखने वाली हैं. जिसकी शूटिंग उन्होंने पूरी कर ली है. फैंस को एक्ट्रेस की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म का बेसब्री से इंतजार है.

सुम्बुल के स्पोर्ट में आई गौहर खान

बिग बॉस 16 में इस वक्त ड्रामा जोरों पर हैं, यही कारण है कि शो का हर एपिसोड खूब चर्चा में हैं. घर के अंदर सुम्बुल तौकीर खान एक ऐसी कंटेस्टेंट है जिसे इस वक्त बहुत सारी अपमान जनक बातों का सामना करना पड़ रहा. वीकेंड के वार में सलमान ने भी सुम्बुल को शालीन के सिलसिले में खूब फटकार लगाई थी. ऐसे में एक शिव ठाकरे ही थे जिन्होंने सुम्बुल को एक बड़े भाई की तरह समझाया. इसी बीच शिव ठाकरे की घर के बाहर किसी और ने भी तारीफ की है, वो नाम है बिग बॉस 7 की विनर गौहर खान का. जी हां गौहर खान ने एक ट्वीट करके सुम्बुल का स्पोर्ट किया है और शिव की भी तारीफ की है. बिग बॉस में हाल ही में देखा गया था सुम्बुल के पापा ने भी उनसे फोन पर बात की जिसके बाद से घर के अंदर तनातनी और ज्यादा बढ़ गई है. दरअसल सुम्बुल के पापा ने सुम्बुल से टीना और शालीन से दूर रहने के लिए कहा है, साथ ही उन्होंने टीना को उनकी औकात दिलाने की बात भी उन्होंने सुम्बुल से कही है. ये बात शायद शो के मेकर्स को भी पसंद हीं है, जिसके बाद उन्होंने शालीन और टीना के सामने सारी बाप बेटी के बीच हुई इस बातचीट का खुलासा कर दिया. वार्तालाप सुनकर सारे घरवाले सुम्बुल के खिलाफ हो गए, ऐसे में केवल एक शिव थे जिन्होंने सुम्बुल का स्पोर्ट किया. यही सब लेकर टीवी और फिल्म एक्ट्रेस गौहर खान की टिप्पणी सामने आई है. उन्होंने कहा, सुम्बुल के पिता ने खुद सुम्बुल की पीठ पर निशाना साधा है! उन्होंने अपने दम पर उसकी धारणा को नष्ट कर दिया है. मुझे उसके लिए बुरा लग रहा है. वह बहुत अधिक लोगों के जजमेंट्स का शिकार हो रही है! हर कोई उसको जज कर रहा है.

कियारा आडवाणी ने किया ऐसा काम, सभी को हुई हैरानी

एक्ट्रेस कियारा आडवाणी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव हैं. उन्होंने आज अपनी डाइट की एक ऐसी झलक शेयर की, जिसे देखकर सभी हैरान हो गए हैं. दरअसल, अदाकारा ने बर्गर खाते हुए अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जो काफी पसंद की जा रही है. अपनी डाइट की फिक्र किए बगैर उन्होंने लजीज खाने का स्वाद लिया. ये तस्वीर साउथ एक्टर राम चरण के साथ उनकी फिल्म की शूटिंग के दौरान की है. जानकारी के लिए बता दें कि राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म के सेट की दो तस्वीरें उन्होंने शेयर की हैं, जिसको उन्होंने कैप्शन देते हुए लिखा, न्यूजीलैंड में सॉन्ग शूट डाइट,. एक्ट्रेस को आरआरआर स्टार राम चरण के साथ न्यूजीलैंड में बर्गर को खाते हुए देखा गया. दूसरे तस्वीर की बात की जाए तो, उसमें उनकी पूरी टीम बर्गर खाते हुए नजर आ रही है. कियारा ब्लैक जैकेट में बेहद खूबसूरत लग रही थी. वहीं, को-स्टार राम चरण ने ब्लू शर्ट और ब्लैक शेड्स के साथ अपने लुक स्टाइलिश कर रखा था. भूल भुलैया 2 और जुगजग जीयो जैसी हिट फिल्मों में दिखाई देने के बाद, बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस गोविंदा नाम मेरा में विक्की कौशल और भूमि पेडनेकर के साथ दिखाई देंगी. राम चरण के साथ अलावा, अभिनेत्री वर्तमान में कार्तिक आर्यन के साथ सत्यप्रेम की कथा की शूटिंग भी कर रही हैं. दोनों को हाल ही में गुजरात में फिल्म की शूटिंग करते देखा गया था. दूसरी ओर, राम चरण को आखिरी बार फिल्म आरआरआर और आचार्य में देखा गया था. इसके साथ ही एक्टर सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जिसका इंतजार उनके फैंस को है.

सहभागी शिक्षण कार्य शाला का किया गया आयोजन

परियोजना स्थायी आदिवासी आजीविका संवर्धन प्रकल्प के अन्तर्गत आयोजक प्रेरक स्वयं सेवी संस्था राजिम गरियाबंद स्विस एड पुणे के सहयोग से संस्था प्रमुख श्री राम गुलाल सिन्हा जी के मार्गदर्शन से कार्य क्षेत्र के 21 गांव के ग्राम सातधार में एक दिवसीय सहभागी शिक्षण कार्य शाला का कार्यक्रम किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुरुवात मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि अध्यक्ष रामलाल गढ़िया उदेराम नेताम बुधराम सोरी सबरन पटेल संतुराम यादव खेमसिंह यादव सुमित्रा बलोबाई एवं किसान समिति के अध्यक्ष चैंपियन किसान समूह के लोगो का स्वागत किये कार्य शाला का उद्देश्य किस तरह से खेती, आय का कार्य कर रहे हैं एक दूसरे का अनुभव साझा करना कार्यशाला कार्यक्रम में किसानों ने खरीप सीज़न में छः माह की प्राकृतिक खेती जिसमें धान मिश्रित एवं किचन गार्डन कि खेती किए थे उनका अनुभव साझा किये इस कार्यक्रम में खेती के अलावा पशुपालन मछलीपालन मुर्गीपालन किचन गार्डन वनोपज खरीदी बिक्री की जानकारी 30 चैंपियन किसान जो पूरी तरह से जो जैविक खेती आदि कार्य कर रहे है इस सहभागी शिक्षण कार्य शाला कार्यक्रम में अपना अपना अनुभव साझा किये जैसे कि जैविक खाद , मिश्रित खेती, धान की खेती पशुपालन ,वनोपज बिक्री, जंगल धवलपुर के श्री मति रूखमणी बघेल अपना मिश्रित खेती के बारे अपना अनुभव साझा किया जिसमें 15लाइन

उड़द,3लाइन तिल बॉर्डर में अमाड़ी जो उस फसल में तीन बार जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक का छिड़काव किया इस प्रकार से अपना अनुभव साझा किये उसके पश्चात ग्राम मर्दाकला के सुलोचनी बाई मरकाम ने बताई कि अपने खेत में देसी धान कतार विधि से लगाई एवं 3 बार जीवामृत छिड़काव करके उत्पादन बढ़ावा का जानकारी दी। साथ ही ग्राम कमेपुर के उदे राम नेताम ने बताते हुए बोला कि ओ एक किसान 4,5 कार्यक्रम कर रहे है स्वयं मुर्गी पालन ,बकरी पालन, धान, मिश्रित, किचन गार्डन आदि का कार्य कर अपना आय में बढ़ावा कर रहे है ,एवं सातधार से अमृतलाल जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जानकारी दिया।एवं ग्राम कामेपुर से पुनई बाई ने बताया कि वह समूह में जुड़ कर किस प्रकार से मुर्गीपलन कर आय को बढ़ाया जो की 2साल में मुर्गी बिक्री कर 17000/- का आय प्राप्त की। साथ ही भैसामुड़ा के बुधराम सोरी ने जानकारी दिया कि वह खेती और जंगल से निर्भर हैं उसी प्रकार बीमार पढ़ने से जंगल की जड़ी बूटी का खुद उपयोग करते है ग्राम अच्छा छेड़का के ताराबाई ने बताया कि वह समूह में जुड़ कर 1 नग संस्था 2नग जनभागीदारी 3 नग से , शुरुवात कर 9नग 36000/- का बिक्री कर आय प्राप्त की कार्यक्रम के अंतिम में चैंपियन किसानों ने दूसरे किसानों को जैविक खेती का बढ़ावा देने के लिए बोला कार्यक्रम के अंतिम में राम लाल गढ़िया ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए संबोधित किए। इसी प्रकार सहभागी शिक्षण कार्य शाला कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक श्री पतिदीवान कलस्टर क्राडीनेटर कु. भूपेश्वरी यादव,जागेश्वर मरकाम,रामेश्वर कपिल। मोविलाइजर कु.हेमलता नेताम, श्यामबाई यादव, पूर्णिमा मरकाम,गिरेश्वर पटेल,त्रिलोत्मा नेताम का मुख्य रूप से सहयोग रहा ।

मत्स्य विभाग के डायरेक्टर मैडम मधु जी का सम्मान

छुरा-गरियाबंद जिले के समाजसेवी व रेडक्रास संरक्षक सदस्य मनोज पटेल लगातार प्रतिभाओं के साथ-साथ गरियाबंद जिले के अधिकारियों का सम्मान करते आ रहे हैं। बांस शिल्प से बना माता जी का मूर्ति भेंट कर मैडम का सम्मान कर मत्स्य विभाग से मिलने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी किया। गरीब वर्ग के लोगों को मछली पालन के लिए लाभ दिलाने की बात किया जिस पर डायरेक्टर मैडम जी ने पूरा सहयोग देने की बात की विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति के सदस्य रामेश्वर लेखापाल खगेश भुजिया छत्तीसगढ़ बांस शिल्प कलाकार विजय कुमार कमार बीरबल सोनवानी आदिवासी युवा प्रभाग रेखराम ध्रुव सभी उपस्थित थे।

दुल्ला में संविधान दिवस के अवसर पर सायकल वितरण किया गया

छुरा - हायर सेकेण्डरी स्कूल दुल्ला में संविधान दिवस मनाया गया साथ ही 9 वी के छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केशरी नोहर ध्रुव,अध्यक्षता दीपक चंद्राकर जनपद सदस्य,विशेष अतिथि यशवंत ठाकुर सरपंच, रणजीत सिंह ठाकुर अध्यक्ष शाला विकास समिति रहे। श्रीमति केशरी ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। दृढ इच्छा शक्ति रख के पढ़ाई-लिखाई करो।कि मुझे डांक्टर,नेता,इंजीनियर, कलेक्टर बनना है।आज के दौर में पढ़ाई में लड़की आगे है।पढ़ाई में लड़का भी ध्यान देवे। मोबाईल पकड़ना बंद कर मन लगाकर पढाई करें।साइकिल मिलने से छात्राओं को आने जाने में कठिनाई नहीं होगी। रणजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था।कार्यक्रम में प्राचार्य घृतलहरे जी,प्रधान पाठक श्रीदास जी स्कुल के शिक्षक शिक्षिकाए व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

महंत रामेश्वरदास जी की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय सांगीतिक रामायण पारायण का शुभारंभ

भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी, सिद्धपीठ श्रीगंगादास जी की बड़ी शाला में धूमधाम से मना भगवान श्रीरामचंद्र जी का जन्मोत्सव

ग्वालियर। शहर के ऐतिहासिक एवम धार्मिक स्थल सिद्धपीठ श्री गंगादास जी की बड़ी शाला के सत्रहवें महंत श्री रामेश्वरदास जी महाराज की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सांगीतिक रामायण का पारायण शुरू हुआ। पहले दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा के पारायण के दौरान भगवान का जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के लिए सज्जित झूला डाला गया और परिसर को गुब्बारों से लाइट से बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रामजी के जन्मोत्सव पर बधाई गीत भी गाए गए। इस मौके पर मिष्ठान, टॉफी इत्यादि बांटे गए। शाला के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत स्वामी रामसेवक दास जी ने बताया है कि शाला के सत्रहवे महंत श्री रामेश्वरदास जी महाराज की स्मृति में शाला के श्रद्धालु वर्षों से श्री रामचरित मानस का पारायण करते आ रहे हैं। इस बार 57 वाँ आयोजन

है। यह पारायण 27 नवंबर तक चलेगा।

जोरि पानि बर मांगहूं एहू,
सीय राम पद सहज सनेहू।

रामायण की इस चौपाई के सम्पुट के साथ शुरू हुए इस रामायण के पारायण में जितने भी श्रद्धालु शामिल हुए है, वे इस कामना के साथ ये पाठ कर रहे हैं किट उन्हें भगवान श्रीराम और माता जानकी के श्रीचरणों की भक्ति मिले ताकि उनका जीवन सफल हो सके इसके साथ ही विश्व कल्याण की कामना के लिए भी पारायण हो रहा है। इससे पूर्व आज प्रातःकालीन बेला में आचार्य मनीष दुबे द्वारा पूर्ण विधि विधान के साथ रामायण जी का पारायण शुरू कराया गया।इस सांगीतिक पारायण में आगरा और कानपुर, बरेली और ग्वालियर के कलाकार शामिल हुए हैं।खासकर आगरा के श्री अजय पाठक जीअभय पाठक जी संजय पाठक जी कानपुर से योगेश भसीन, बरेली से श्रीमती पुष्पा शर्मा श्री कर्नल हेमंत भारद्वाज जी दिल्ली से श्री कर्नल मुनीश्वर पाठक जी अहमदाबाद आदि इस अनुष्ठान में शामिल हुए। सारा आयोजन शाला के वर्तमान पीठाधीश्वर, स्वामी रामसेवक दास जी के सानिध्य में हो रहा है,। अध्यक्षता सेवानिवृत डी आई जी श्री योगेन्द्र कुमार पचौरी जी (ढ्ढ क्क्स)द्वारा की गई। श्री शरद भारद्वाज ने बताया की 27 नवंबर को ही शाम 4 बजे से रागायन की संगीत सभा होगी। इस सभा में ग्वालियर के ख्यातनाम गायक वादक अपनी प्रतुतियां देंगे।

कर्तव्यों का ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन, संविधान निर्माताओं को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि - प्रधान जिला न्यायाधीश पी.एन. सिंह

ग्वालियर / संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमारे देश की सेनाओं के जवान अपना सर्वोच्च बलिदान देते हैं। उसी तरह देश के नागरिक और शासकीय सेवक अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन कर संविधान निर्माताओं को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। इस आशय के विचार प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेम नारायण सिंह ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर संविधान (विधि) दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुए संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) के वाचन सह विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। जिसमें प्रधान जिला न्यायाधीश पी.एन. सिंह, विशेष न्यायाधीश प्रमोद कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गालिब रसूल, मुख्य न्यायिक व मजिस्ट्रेट चौधर सिंह शैय्याम सहित जिला मुख्यालय के समस्त न्यायाधीश,जिला विधिक सहायता अधिकारी, न्यायालय व प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा सहभागिता की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिंह ने इस मौके पर कहा कि संविधान की प्रस्तावना संविधान की आत्मा है। संविधान के समस्त आदर्शों की झलक संविधान की प्रस्तावना में परिलक्षित होती है। संविधान के प्रावधानों व उसके आदर्शों का पालन करना हमारा कर्तव्य है। संविधान का पालन करने से ही विधि की शासन व्यवस्था कायम होती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय की व्यवस्था से समाज के सभी वर्गो को प्रगति करने का अवसर प्राप्त होता है और सभी का कल्याण होता है। संविधान दिवस के अवसर शासकीय उ. मा. वि जयेन्द्रगंज में मौलिक अधिकार व कर्तव्य एक सिक्के के दो पहलू विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

भूपेन्द्र जैन फेडरेशन ऑफ म.प्र.चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री के उपाध्यक्ष बने

ग्वालियर मध्यप्रदेश की उद्योग एवं व्यापार की अग्रणी संस्था फेडरेशन ऑफ म.प्र.चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री के अध्यक्ष डॉ.आर.एस.गोस्वामी ने म.प्र.चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री के पूर्व मानसेवी सचिव भूपेन्द्र जैन को फेडरेशन ऑफ म.प्र.चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री का उपाध्यक्ष घोषित किया है। फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री की जनरल बॉडी मीटिंग में ट्रेड केटेगिरि से वाइस प्रेसीडेंट नियुक्त करने का निर्णय हुआ और इसके लिये मैसर्स अतुल एडवरटाइजिंग प्रा.लि. के संचालक एवं म.प्र.चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री के .पूर्व मानसेवी सचिव भूपेन्द्र जैन को वाइस प्रेसीडेंट कॉप्ट किया गया। श्री जैन ने फेडरेशन ऑफ म.प्र. चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सभी सदस्यों का, पदाधिकारियो का, पेटर्न का, ज्वाइन्ट प्रैसीडन्ट का एवं मेनेजिंग कमेटी के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये अध्यक्ष डॉ. आर.एस. गोस्वामी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है और यह विश्वास दिलाया कि वे फेडरशन ऑफ म.प्र.चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री के वाइस प्रेसीडेंट के रूप में व्यापारिक हितों के लिये कार्य करेंगे एवं अपना योगदान देंगे। वाइस प्रैसीडेन्ट का नियुक्ति पत्र डॉ. आर.एस.गोस्वामी ने उन्हें सौपा। इस अवसर पर सचिव प्रवीन आचार्य, सहायक सचिव सुरेन्द्र सिंह एवं प्रतीक अग्रवाल उपस्थित थे।

राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विवि में संविधान दिवस पर हुआ कार्यक्रम

यहां की सभ्यता, संस्कृति, परंपराएं, प्रकृति का हर कण भारत माता है किसी इमारत की खूबसूरती उसकी नींव के कारण होती है। उसी तरह विश्व के सबसे बड़े इस लोकतंत्र की नींव उसका संविधान है। प्रकृति के हर कण भारत माता का रूप है। हमें यह समझने की जरूरत है। गांधी जी ने भी कहा था कि यहां की संस्कृति, सभ्यता आदि का रूप ही भारतमाता है। हमारे देश का संविधान कई लोगों के त्याग का परिणाम है। यह बात एमएलबी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह ने कही। वह राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विवि में .संविधान दिवस पर हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। ' भारत लोकतंत्र की जननी' विषय पर हुए कार्यक्रम के सह वक्ता के तौर पर डॉ. दीपक शर्मा रहे। इस अवसर पर विवि की ओर से कुलसचिव दिनेश पाठक के साथ कार्यपरिषद सदस्य चंद्र प्रताप सिकरवार सहित डॉ. अंजना झा, डॉ. पारूल दीक्षित डॉ. मनीष करवड़े, डॉ. साजन मैथ्यू, डॉ. संजय सिंह, डॉ. बलवंत भदौरिया, विवेक पांडेय, समस्त कर्मचारी व छात्रगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति प्रो. प्रो. रंजना टोणपे ने और संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनील पावगी ने किया।

सदियों पुराना है हमारे देश का लोकतंत्र-सह वक्ता डॉ. दीपक शर्मा ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली काफी पुरानी है। जब दुनिया भर के देशों को इस विषय का ज्ञान नहीं था, तब भी हमारे देश में लोकतंत्र मौजूद था। इतिहास के पन्नों पर गौर करें तो मौर्य, कलिंग, चोल सहित कई साम्राज्यों में लोकतंत्र की मौजूदगी का पता चलेगा।

नई पीढ़ी को भी बताएं-आभार व्यक्त करते हुए कुलसचिव दिनेश पाठक ने कहा कि स्वतंत्र देश के नागरिक होने के नाते हम देश के संविधान से परिचित हैं। समय के साथ- साथ उसमें कई संशोधन भी किए गए। जरूरत है कि हम संविधान के नियमों को व्यवहार में लाएं और उनसे नई पीढ़ी को परिचित कराएं।

इसलिए है महत्व-कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनील पावगी ने कहा कि संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत किया गया, इसलिए इस दिन का बड़ा महत्व है।

सहभागी शिक्षण कार्य शाला का किया गया आयोजन

गरियाबंद। परियोजना स्थायी आदिवासी आजीविका संवर्धन प्रकल्प के अन्तर्गत आयोजक प्रेरक स्वयं सेवी संस्था राजिम गरियाबंद स्विस एड पुणे के सहयोग से संस्था प्रमुख श्री राम गुलाल सिन्हा जी के मार्गदर्शन से कार्य क्षेत्र के 21 गांव के ग्राम सातधार में एक दिवसीय सहभागी शिक्षण कार्य शाला का कार्यक्रम किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुरुवात मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि अध्यक्ष रामलाल गढ़िया उदेराम नेताम बुधराम सोरी सबरन पटेल संतुराम यादव खेमसिंह यादव सुमित्रा बलोबाई एवं किसान समिति के अध्यक्ष चैंपियन किसान समूह के लोगो का स्वागत किये कार्य शाला का उद्देश्य किस तरह से खेती, आय का कार्य कर रहे हैं एक दूसरे का अनुभव साझा करना कार्यशाला कार्यक्रम में किसानों ने खरीप सीज़न में छः माह की प्राकृतिक खेती जिसमें धान मिश्रित एवं किचन गार्डन कि खेती किए थे उनका अनुभव साझा किये इस कार्यक्रम में खेती के अलावा पशुपालन मछलीपालन मुर्गीपालन किचन गार्डन वनोपज खरीदी बिक्री की जानकारी 30 चैंपियन किसान जो पूरी तरह से जो जैविक खेती आदि कार्य कर रहे है इस सहभागी शिक्षण कार्य शाला कार्यक्रम में अपना अपना अनुभव साझा किये जैसे कि जैविक खाद, मिश्रित खेती, धान की खेती पशुपालन, वनोपज बिक्री, जंगल धवलपुर के श्री मति रूखमणी बघेल अपना मिश्रित खेती के बारे अपना अनुभव साझा किया जिसमें 15लाइन उड़द, 3लाइन तिल बॉर्डर में अमाड़ी जो उस फसल में तीन बार जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक का छिड़काव किया इस प्रकार से अपना अनुभव साझा किये। उसके पश्चात ग्राम मर्दाकला के सुलोचनी बाई मरकाम ने बताई कि अपने खेत में देसी धान कतार विधि से लगाई एवं 3 बार जीवामृत छिड़काव करके उत्पादन बढ़ावा का जानकारी दी। साथ ही ग्राम कमेपुर के उदे राम नेताम ने बताते हुए बोला कि ओ एक किसान 4,5 कार्यक्रम कर रहे है स्वयं मुर्गी पालन ,बकरी पालन, धान, मिश्रित, किचन गार्डन आदि का कार्य कर अपना आय में बढ़ावा कर रहे है ,एवं सातधार से अमृतलाल जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जानकारी दिया। एवं ग्राम कामेपुर से पुनई बाई ने बताया कि वह समूह में जुड़ कर किस प्रकार से मुर्गीपलन कर आय को बढ़ाया जो की 2साल में मुर्गी बिक्री कर 17000/- का आय प्राप्त की। साथ ही भैसामुड़ा के बुधराम सोरी ने जानकारी दिया कि वह खेती और जंगल से निर्भर हैं उसी प्रकार बीमार पढ़ने से जंगल की जड़ी बूटी का खुद उपयोग करते है ग्राम अच्छा छेड़का के ताराबाई ने बताया कि वह समूह में जुड़ कर 1 नग संस्था 2नग जनभागीदारी 3 नग से , शुरुवात कर 9नग 36000/- का बिक्री कर आय प्राप्त की कार्यक्रम के अंतिम में चैंपियन किसानों ने दूसरे किसानों को जैविक खेती का बढ़ावा देने के लिए बोला कार्यक्रम के अंतिम में राम लाल गढ़िया ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए संबोधित किए। इसी प्रकार सहभागी शिक्षण कार्य शाला कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक श्री पतिदीवान कलस्टर क्राडीनेटर कु. भूपेश्वरी यादव, जागेश्वर मरकाम, रामेश्वर कपिल। मोविलाइजर कु. हेमलता नेताम, श्यामबाई यादव, पूर्णिमा मरकाम,गिरेश्वर पटेल, त्रिलोत्मा नेताम का मुख्य रूप से सहयोग रहा ।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478